तापमान
अधिकतम 30 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, गुरुवार, 13 मार्च, 2025




12 जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक में अध्यक्ष बैठाने नेताओं के बीच चल रही खिंचतान



# तीन दिन की मासूम बच्ची मिली झाड़ियों में, पुलिस ने पहुंचाया अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

अलग खबर

तीन दिन की मासूम जिंदा बच्चीं पुलिस को झाड़ियों में मिली है। जिसके परिजनों की तलाश में पुलिस जुटी हुई है। बच्चीं मिलने की सूचना से आसपास के लोगों की भीड़ झाड़ियों के पास लगी हुई थी। लेकिन किसी ने बच्ची का शिनाख्त नहीं किया। मिली जानकारी के मुताबिक अमलेश्वर थाना क्षेत्र के ग्रीन सिटी के सामने बने रोड किनारे झाड़ियों में मासूम बच्ची की रोने की आवाज आने से मॉर्निंग वाक पर निकले लोगों ने उसे देखा। नवजात के रोने की आवाज़ सुनकर लोग ठिठक गए। झाड़ियों में देखा तो थैली में बच्ची थी। बच्ची को चीटियाँ लग गई थीं। भूख के कारण तीन दिन की बच्ची का रो-रोकर बुरा हाल था सड़क से गुजर रहे लोगों ने मानवता दिखाते हुए बच्ची की जानकतारी पुलिस को दी। अमलेश्वर पुलिस ने तुंरत मौके पर पहुंचकर पहले बच्चीं को थैली से निकाला और 108 एम्बुलेंस बच्ची को ऑक्सीजन सपोर्ट के साथ अंबेडकर अस्पताल रायपुर भेज दिया गया। खबर लिखे जाने तक बच्चीं का उपचार जारी है। बच्ची के रोने की आवाज़ सुनने के बाद मॉर्निंग वाक पर निकले एम एम जैन, विकास पंसारे, नारायण शर्मा ने सबको खबर दी और रेस्क्यू में मदद की। बच्ची गोरी और माथे पर काला टिका लगा हुआ है। हाथ में काला धागा में गुथा माला पहनी हुई है। संदेह जताया जा रहा है कि बच्चीं को घर से लाकर झाड़ियों में छोड़ा गया है। फिलहाल पुलिस बच्चीं को लेकर आसपास के लोगों से पूछताछ करने में जुटी हुई है।



## अमलेश्वर पुलिस कर रही है जांच, शिनाख्त नहीं हो पाई है

### सीसी कैमरों को भी खंगाला जा रहा है

पुलिस ने बताया कि बच्ची को तुरंत रायपुर अस्पताल भेजने के बाद अमलेश्वर क्षेत्र के आसपास में लगे सीसी कैमरों को खंगाला जा रहा है। अगर कोई बच्चीं को झाड़ियों में रख कर फरार हुआ होगा तो इसकी सारी जानकारी फूटेज से आसानी से मिल जाएगा। इसके अलावा पुलिस की एक टीम बच्ची को परिजनों के बारे में जानकारी जुटाने लगाई गई है। बच्चीं को देखने से लग रहा है कि सामान्य परिवार की होगी लेकिन बच्चीं को थैले में रख झाड़ियों में किस कारण रख छोड़ फरार हो गए है। यह जांच का विषय बना हुआ है।

### परिजनों की खोजबीन की जा रही है

झाड़ी में थैले में बच्ची के मिलने की सूचना पर पुलिस टीम को तुरंत रवाना किया गया। बच्ची को ऑक्सीजन सपोर्ट देकर रायपुर मेकाहारा अस्पतला भेजा गया है। आसपास में लगे सीसी कैमरे को खंगाला जा रहा है। परिवार के लोगों के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है।

- **ममता अली शर्मा**, टीआई, थाना अमलेश्वर

## खबर संक्षेप

### डीएसपी क्राइम, एसीसीयू दुर्ग व एएनटीएफ प्रभारी हटाए गए

**भिलाई**। डीएसपी क्राइम एंटी क्राइम एवं साइबर यूनिट (एसीसीयू) दुर्ग एवं एएनटीएफ के प्रभारी हेम प्रकाश नायक हटा दिए गए हैं। यह आदेश पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज रामगोपाल गर्ग द्वारा जारी किया गया है। साथ ही डीएसपी हेम प्रकाश नायक को पुलिस अधीक्षक दुर्ग के कार्यालय में अपराध संबंधित कार्य का निर्वहन करने की जिम्मेदारी दी गई है। डीएसपी क्राइम एंटी क्राइम एवं साइबर यूनिट (एसीसीयू) दुर्ग एवं एएनटीएफ के प्रभारी के कार्य का पर्यवेक्षण करने के लिए किसी अन्य अधिकारी को जिम्मेदारी देने हेतु पुलिस अधीक्षक दुर्ग को आदेशित किया गया है।

### दुर्ग अम्बिकापुर एक्सप्रेस में एलएचबी कोच की सुविधा



**भिलाई**। रेलवे द्वारा यात्रियों को सुविधा के लिए बेहतर प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से गुजरने वाली सभी ट्रेनों में योजनाबद्ध तरीके से पुराने कोचों के बदले सुविधाजनक, आरामदायक नई तकनीक वाले एलएचबी कोच की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। ट्रेन 8241/18242 दुर्ग-अम्बिकापुर-दुर्ग एक्सप्रेस में दुर्ग से 10 मार्च, अम्बिकापुर 11 मार्च से कोचों के बदले एलएचबी कोच की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। ट्रेन 18756/18755 अम्बिकापुर-शहडोल-अम्बिकापुर एक्सप्रेस में 11 मार्च से एलएचबी कोच सुविधा है। इससे यात्रियों को बेहतर सुविधा मिलेगी। गौरतलब हो कि एलएचबी कोचयों के लिए काफी आरामदायक व सुविधायुक्त होता है। रेल परिचालन की दृष्टि से एलएचबी कोच काफी सुरक्षित भी मानी जाती है। वर्तमान समय की मांग पर अगर स्पीड की बात की जाए तो ये कोच सामान्य कोचों की अधिकतम गति 110-130 कि.मी. की तुलना में 160 से भी अधिक की गति के लिए डिजाईन की गई है। एलएचबी कोच में हाइड्रोलिक सस्पेंशन का प्रयोग किया जाता है। वही दाएं बाएं मूवमेंट के लिए भी सस्पेंशन का प्रयोग किया गया है। जिससे सफर आरामदायक हो जाता है।

### कलेक्टर अभिजीत सिंह के दौरे के बाद नदारद डॉक्टरों व कर्मियों को पटरी पर लाने की कवायद

# जिला अस्पताल में लगेंगी चार बॉयोमेट्रिक्स मशीन

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

जिला अस्पताल में हाजिरी अब बॉयोमेट्रिक्स तकनीक से ली जाएगी। डॉक्टरों व स्टॉफ को पटरी पर लाने के लिए यह कवायद की जा रही है। सिविल सर्जन को चार बॉयोमेट्रिक्स लगाने की हिदायत दी गई है। कलेक्टर अभिजीत सिंह के दौरे के बाद बुधवार को सहायक कलेक्टर द्वारा जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया गया। उसके बाद यह निर्णय लिया गया है।



### 70 डॉक्टर समेत 80 को मिला है नोटिस

शनिवार को कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया था। सुबह 9 बजे जब वे पहुंचे तो संविदा पदस्थ दो सिविल सर्जन, आरएमओ सहित 70 डॉक्टर व 10 कर्मचारी कार्य पर मौजूद नहीं मिले। कलेक्टर सिंह अपने साथ ड्यूटी रजिस्टर लेकर कलेक्ट्रेट चले गए थे। जिसकी वजह से इन सभी की हाजिरी भी नहीं लग पाई थी। रजिस्टर में उनकी उपस्थिति ली जाने की वजह से डॉक्टर व स्टॉफ अपने तरीके से हाजिरी लगा रहे हैं। उनके आने व जाने का कोई समय नहीं है। हालात को देखते हुए अब यहां बॉयोमेट्रिक्स से हाजिरी सुनिश्चित की जाएगी।

### आने से पहले मैसेज वायरल

सहायक कलेक्टर ने जिला अस्पताल पहुंच कर फीडबैक लिया। डॉक्टरों व स्टॉफ के रजिस्टर भी चेक किए। हालांकि उनके आने से पहले ही जिला अस्पताल के वाट्सएप ग्रुप में यह मैसेज चली गई कि कलेक्टर साहब फिर से औचक निरीक्षण करने आ रहे हैं। जिसकी वजह से स्टॉफ रजिस्टर में अपनी हाजिरी पहले ही सुनिश्चित कर ली। अधिकारी ने यहां मरीजों से फीडबैंक लिया। उसके बाद हाजिरी के लिए बॉयोमेट्रिक्स खरीदी करने के लिए सिविल सर्जन डॉ. हेमंत साहू को हिदायत दी।

### सिविल अस्पताल में भी मिले डॉक्टर गायब

- भिलाई निगम आयुक्त राजीव पांडेय ने किया औचक निरीक्षण

**भिलाईनगर**। शासकीय लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला में बुधवार को भिलाई निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय पहुंचे। जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत को लेकर अस्पताल में सफाई व्यवस्था, मरीजों को प्रदान की जा रही सुविधाओं का औचक निरीक्षण किया। यहां दो डॉक्टर मौके पर नहीं मिले। जिसमें फिजियोथैरेपी व डेंटल के डॉक्टर शामिल हैं। साफ सफाई व्यवस्था का भी हाल बुरा मिला। सर्वप्रथम बिना किसी को बताये अस्पताल के सभी वार्डो में जाकर अवलोकन किया। मरीजों को शासकीय सुविधाएं प्रदान हो रही है कि नहीं, डाक्टर, नर्स, कम्पाउन्डर, वार्ड बाय आदि की उपस्थिति समय पर रहते है, कि नहीं सफाई व्यवस्था कैसी है। कुछ विभाग में डाक्टर उपस्थित मिले । सफाई व्यवस्था के बारे में वहां उपस्थित लोगो से बात किये, जिसको और सुधार करने के लिए निर्देश दिये। ओपीडी में जाकर डाक्टर से संपर्क किये, उनसे पूछा गया कितने मरीज लोग प्राथमिक रूप से इलाज के लिए आते है। डाक्टर ने बताया कि 150 से 200 के बीच में प्रतिदिन ईलाज के लिए लोग हमारे ओपीडी में आते है।

# बिहार रेड लाइट एरिया में दुर्ग की तीन लड़कियां मिलीं

- डांस ग्रुप में नाचने गई थी यह लड़कियां

**भिलाई**। बिहार के रोहतास जिले में स्थित रेड लाइट एरिया में छापेमारी के दौरान दुर्ग जिले की तीन लड़कियां मिली है। दुर्ग पुलिस रोहतास जाकर बच्चियों से मिली है और पूछताछ में इन लड़कियों ने बताया है कि वे नाच गाने का कार्य करती है। देह व्यापार नहीं। पैसा कमाने की लालच में माता पिता ने यहां भेज दिया। पुलिस ने यहां छग की 41 लड़कियों को अपने कब्जे में लिया है। रोहतास जिले के पुलिस ने नटवार बाजार में दो डांसर ग्रुपों के ठिकाने पर छापेमारी की थी। बरामद लड़किया दुर्ग, रायपुर, राजनांदगांव, बिलासपुर समेत अन्य जिलों की है। दुर्ग पुलिस उनके परिजनों को सुपुर्द करेगी।

## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

**9300663610, 7489348301**

# मोबाइल चार्ज करते समय मकान में लगी आग, जेवरात और नकदी जले

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

घर में मोबाइल को चार्जिंग करते समय अचानक आग लगने से लाखों रुपए का सामान जलकर खाक हो गया। सूचना मिलने पर दमकल कर्मी पहुंचे तो कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। घटना कैंप 2 वार्ड 32 की है। मिली जानकारी के मुताबिक कैंप-2 निवासी निर्मला साहू के मकान में बुधवार सुबह अचानक भीषण आग लग गया। निर्मला अपनी मां के साथ घर में रहती है। बेटी अपने मामा के साथ मंदिर गई थी और वह भी दूध लेने चली गई। उसकी मां सुबह 8 बजे काम पर चली गई थी। घर पर उसके भाई व उसका मोबाइल चार्जिंग पर लगा हुआ था। जब तक दूध लेकर निर्मला वापस लौटती घर में आग लग चुकी थी। आसपास के लोगों की मदद से आग को बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग बुझाने मकान में लगे सीट को भी पत्थर मारकर तोड़ा गया। निगम के टैंकर से आग बुझाने का प्रयास किया गया। लगभग 10 बजे फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और आग पर पूरी तरह से काबू पाया गया। निर्मला के मुताबिक आगजनी में आलमारी में रखे सारे कपड़े,कुछ कैश, सोना चांदी के जेवरात भी जले है। इसके अलावा किचन का भी सारा सामान जलकर राख हो गया। आगजनी की घटना में लाखों रुपए का सामान जलकर खाक हो गया है।


लाखों का सामान जलकर खाक

### फर्नीचर दुकान भी जली



सेक्टर 1 से नंदिनी रोड को जोड़ने वाले फ्लाई ओवर ब्रिज के पास अली फर्नीचर की दुकान है। देर रात दुकान में तेज धुआं निकलते देखा। सूचना मिलने पर छावनी पुलिस मौके पर पहुंची और फायर ब्रिगेड की टीम भी पहुंची। जिला अग्निशमन अधिकारी नागेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि आग को बुझाने टीम को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। छावनी थाना प्रभारी चेतन चंद्राकर स्वयं अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे थे। लोगों की मदद से आग को बुझाना शुरू किया। पुलिस ने बताया कि आगजनी का कारण शार्टसर्किट से होना संदेह जताया जा रहा है। जांच के बाद ही आग लगने का कारण स्पष्ट हो पाएगा।









# पन्द्रह हजार रूपए देने पर एक घंटे में दस के बजाय होगी पन्द्रह रजिस्ट्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

वित्तिय वर्ष के अंत में 560 करोड रूपए के टारगेट को पूरा करने की कवायद तेज हो गई हैं। राज्य शासन द्वारा उप पंजीयकों को देर रात सात बजे तक रजिस्ट्री किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं सात मार्च के बाद एक घंटे में दस प्रकरण आनलाइन दर्ज किए जा रहे थे, जिसे बढकर पन्द्रह प्रकरण किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके लिए प्रत्येक प्रकरण में पक्षकारो से पन्द्रह हजार अतिरिक्त शुल्क लिए जा रहे हैं।

दस स्लाट बुक होने पर पांच स्पेशल स्लाट के लिए पक्षकारो को पन्द्रह हजार रूपए भुगतान करना होगा। जिला पंजीयक कार्यालय में सुबह दस से पांच बजे तक सामान्य तौर पर रजिस्ट्री होती हैं। इस दौरान सात घंटे में 65-70 रजिस्ट्री का प्रावधान था। लेकिन वित्तिय वर्ष के समाप्ति को देखते हुए राज्य शासन द्वारा टाइमिंग में बढोत्तरी कर दी गई हैं। विगत सात मार्च से रजिस्ट्री सुबह दस से एक घंटा बढाकर छः बजे तक किया जा रहा हैं। अफसरों ने बताया कि, एक घंटे में दस अप्वाइंटमेंट लेने का प्रावधान है। लेकिन एक घंटे बढाने के बाद दस के बजाय पन्द्रह आनलाइन अप्वाइंटमेंट लेगें।

## एक घंटे में दस प्रकरण की होगी रजिस्ट्री, पांच स्पेशल प्रकरण भी लेंगे

### अब एक उप पंजीयक करेंगे डेढ़ सौ की रजिस्ट्री

जानकारी अनुसार विगत सात मार्च से विभागीय टाइमिंग बढा दी गई है। इसमें अब पूरे नौ से दस घंटे में डेढ सौ रजिस्ट्री करना होगा। जिला पंजीयक दुर्ग में तीन उप पंजीयन है। इस तरह यहां एक दिन में साढे चार सौ रजिस्ट्रियां होगी। हांलाकि बढे हुई टाइमिंग में दस स्लाट फूल होने के बाद अतिरिक्त स्लाट पाने पक्षकारो से पन्दह हजार रूपए प्रति रजिस्ट्री प्रकरण के हिसाब से लिए जाएंगे।



### टारगेट पूरा करना चुनौती, नए दर होंगे लागू

जिला पंजीयक दुर्ग को इस साल वर्ष 2023-24 के लिए 560 करोड रूपए का टारगेट दिया गया हैं। जिसमें अब 330 करोड यानि 56 फीसदी राजस्व प्राप्त हुई हैं। मार्च माह में टारगेट पूरा करने के उछेश्य से यहां सभी दुर्ग के तीनों उप पंजीयक, पाटन, धमधा, बोरी व भिलाई तीन के उप पंजीयक को एक दिन में डेढ सौ रजिस्ट्री का स्लाट दिया गया हैं। आगामी एक अप्रैल से नया कलेक्टर गाइड लाइन दर लागू होगा। ऐसे में पक्षकार बढे रेट के बजाय मार्च में ही रजिस्ट्री कराने की जुगत में है।

### अतिरिक्त समय मिलेगा

प्रति घंटे दस आनलाइन स्लाट बुक किया जा रहा है। शासन के निर्देश पर पांच स्पेशल स्लाट की बुकिंग हो रही है। इसके लिए टाइमिंग सात बजे तक कर दिया गया हैं।

**-बीएस पिस्दा,** उप पंजीयक दुर्ग

## खबर संक्षेप




### अभियान चलाकर तालाब सफाई करने दिए निर्देश

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत महापौर श्रीमती अलका बाघमार द्वारा पार्षद जिंतेंद्र ताम्रकर, पार्षद निलेश अग्रवाल, श्रीमती शशि साहू व अधिकारियों के साथ लुचकी तालाब का निरीक्षण किया। इस दौरान महापौर ने कहा कि लुचकी तालाब के धार्मिक एवं सामाजिक महत्व के साथ साथ शहर के हृदय स्थल में स्थित होने के कारण यह तालाब बहुत ही महत्त्वपूर्ण है। लुचकी तालाब का निरन्तर साफ़-सफाई होते रहना चाहिए। साथ ही साथ तालाब के पानी को स्वच्छ रखने हेतु दवाई का छिड़काव करने के लिए मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया। महापौर श्रीमती अलका बाघमार ने वार्ड पार्षद सहित रहवासियों से आग्रह किया किया की तालाब हम सबका है, हम सबको मिलकर तालाब को साफ़ सुथरा और सुंदर रखना है। उन्होंने कहा कि शहर के अन्य निस्तारी तालाबों की भी सफाई योजना बनाकर करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जितेन्द्र ठाकुर, आसिफ़ अली सैय्यद, रजनीश श्रीवास्तव, हेमंत गोयल, नितेश जैन, उमेश गिरी व अलावा वार्डवासी उपस्थित रहें।

### सीमा को पीएचडी की उपाधि मिली

**दुर्ग।** अटल बिहारी वाजपेयी विश्व विद्यालय बिलासपुर छत्तीसगढ़ से सीमा अंचल को पी.एच.डी. की उपाधि प्राप्त हुई है। उन्हें 'महादेवी वर्मा के साहित्य में नारी चेतना ' विषय पर हिंदी में पीएचडी प्रदान की गई है। सीमा ने यह उपाधि डॉ. कल्याणी जैन प्राध्यापक हिंदी शासकीय बिलासा कन्या स्नाताकोत्तर महाविद्यालय बिलासपुर के मार्गदर्शन में प्राप्त किया है। बता दें उन्होंने राष्ट्रीय, अंतराष्ट्रीय संगोष्ठियों में सक्रिय सहभागिता निभाई है। अभी वे शासकीय नवीन महाविद्यालय नगपुरा, जिला दुर्ग में अतिथि प्राध्यापक हिंदी के रूप में कार्यरत हैं।



### शुष्क दिवस घोषित करने मांग

**दुर्ग।** साहू तैलिक समाज की आराध्य देवी भक्त माता कर्मा की जयंती के अवसर पर छत्तीसगढ़ सरकार से एक दिवसीय शुष्क दिवस घोषित कर प्रदेश के सभी शराब की दुकानों और होटल में बार बंद करने की मांग जिला साहू संघ दुर्ग के युवा प्रकोष्ठ दुर्ग के संयोजक मुकेश साहू ने की है।

## उठा-पटक : अध्यक्ष के बजाय अफसरों के भरोसे सोसायटियों की बागडोर

# जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक में अध्यक्ष बैठाने नेताओं के बीच चल रही खींचतान

### डेढ़ साल से अध्यक्ष की कुर्सी खाली, न चुनाव हुआ और न मनोनयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिला सहकारी केनद्रिय बैंक में अध्यक्ष बिठाने के लिए भाजपा नेताओं के बीच लाबिंग शुरू हो गई हैं। इस मलाईदार पद में अपनों को साधने के लिए बेमेतरा से लेकर बालोद और दुर्ग के नेता अपना वजन दिखाने में लगे हैं। नेताओं के सिफारिश के चलते अध्यक्ष पद के लिए राजनीतिक चादर बिछनी शुरू हो गई है। देखना है कि, इस चादर में ताजपोशी किसकी होगी।

जानकारी अनुसार बेमेतरा के पूर्व संचालक मंडल रहे प्रेमलाल साहू, दस साल तक अध्यक्ष का कार्य संभाले प्रीतपाल बेलचंदन और पूर्व संचालक मंडल में रहे शिव चंद्राकर सहित औंधी के दीपक चंद्राकर के नाम भी सामने आ रहे हैं। अध्यक्ष पद के लिए सभी दावेदार माने जा रहे है। ये सभी अपने अपने स्तर पर पद की लालसा लिए लाबिंग कर रहे हैं। उम्मीदवारों द्वारा दुर्ग के प्रभारी मंत्री और उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, बेमेतरा विधायक दीपेश साहू और साजा विधायक ईश्वर साहू तक सिफारिश कर रहे हैं। वही सांसद विजय बघेल के समक्ष भी दावेदारों की दरकरार पहुंच रही हैं। उल्लेखनीय है कि, कांग्रेस कार्यकाल में ही जिला सहकारी केनद्रिय बैंक के अध्यक्ष का कार्यकाल समाप्त हो गया था। लेकिन चुनाव कराने के बजाय कांग्रेस की सरकार ने मनोनयन का तरीके अपना था और यहां जवाहर वर्मा से लेकर कांग्रेस के प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री राजेन्द्र साहू को कुर्सी पर बिठाया था। इस बीच राज्य में भाजपा की सत्ता आने के बाद तत्कालीन अध्यक्ष रहे राजेन्द्र साहू को दिसंबर 2023 में इस्तीफा देना पडा था। उनके इस्तीफे के बाद अब डेढ साल गुजरने को है, लेकिन भाजपा की सरकार ने न तो चुनाव कराया हैं और न ही किसी पद के लिए किसी जिम्मेदार का मनोनयन किया है।




### अफसरों के भरोसे 311 समितियों की कमान

जिला सहकारी केनद्रिय बैंक में प्राधिकृत अधिकारी कलेक्टर हैं। चुनाव नही कराए जाने के कारण धान खरीदी के दो सीजन अफसरों के भरोसे ही रहा हैं। हांलाकि इस बीच सालभर तक राजेन्द्र साहू का मनोनयन किया गया था। लेकिन वे भी मुश्किल से सालभर तक ही बने रहे। जिला सहकारी बैंक के अधीन तीन जिले आते है। जिसमें दुर्ग, बेमेतरा और बालोद जिला शामिल हैं। यहां 311 समितियां आती हैं। इसलिए रायपुर के बाद दुर्ग बैंक खास प्रभाव रखता हैं।

### समितियों में भी बगैर चुनाव बैठे अध्यक्ष

जिला सहकारी केनद्रिय बैक के आलावा जिले के अधीन आने वाले समितियों का भी चुनाव नही हुआ हैं। कार्यकाल समाप्त होने के कारण तीनों जिले के 311 समितियों में सहकारी संस्थाएं द्वारा ओआईसी व बैंक द्वारा अपने बाडी को बिठाया गया था। लेकिन भाजपा की सरकार आने के बाद अपनों को उपकृत कर दिया गया। लेकिन समितियों में भी आज तक चुनाव नही कराया गया हैं। कार्यकाल समाप्त होने के बाद भाजपा नेतओं का गुस्सा चुनाव नही कराने को लेकर फूटता रहा है। लेकिन सत्ता आने के बाद भी चुनाव को लेकर सरकार मौन हैं।

### राजधानी से चल रहा पूरा कामकाज

जिला सहकारी केनद्रिय बैंक दुर्ग के अधीन बेमेतरा और बालोद भी है। पिछले डेढ साल से अधिक समय से अध्यक्ष की कुर्सी खाली है। ऐसी उम्मीद थी कि, कांग्रेस सत्ताम में अध्यक्ष की कुर्सी के लिए तरस रही भाजपा सत्ता में आते ही चुनाव कराएंगी या अपने चहेतों को कम से कम मनोनयन करेगी। लेकिन ऐसा नही होकर डेढ साल से कुर्सी खाली है। सूत्रों का कहना है कि, केनद्रिय बाडी में अध्यक्ष व संचालक मंडल के बजाय पुरा काम राजधानी से हो रहा हैं। नेताओं के बीच कुर्सी की लडाई के चलते ही अब तक अध्यक्ष की भर्ती नही हो पा रही हैं।

## अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों को सीईओ ने दिलाई शपथ




हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिला पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं समस्त सदस्य नवनिर्वाचित होने बाद जिला पंचायत में प्रथम सम्मिलन आयोजन किया गया। इस दौरान सीईओ ने अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सभी सदस्यों को गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी बजरंग दुबे एवं उपसंचालक काव्या जैन ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों का स्वागत किया। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर की मौजूदगी में मुख्य कार्यपालन अधिकारी बजरंग दुबे ने नव निर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, उपाध्यक्ष पवन शर्मा को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके बाद जिला पंचायत के सदस्य जिसमें दानेश्वर दालू साहू, उषा सोनवानी, जितेन्द्र यादव, सुश्री प्रिया साहू, आशा विक्की मिश्रा, श्रद्धा साहू, देवेन्द्र चंद्रवंशी, नीलम राजेश चंद्राकर, श्रीमती नोमिन ठाकुर ने शपथ ली। उल्लेखनीय है कि, जिला पंचायत बहुमुखी, बहुआयामी, शासकीय कार्यालय है, जहां ग्रामीण क्षेत्रों में शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन जमीनी स्तर पर किया जाता है। केन्द्र तथा राज्य शासन की विभिन्न गतिविधियों एवं योजनाओं का संचालन किया जाता है। जिला पंचायत के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, अन्य पिछड़ा वर्ग प्राधिकरण, समग्र विकास योजना, जिला पंचायत विकास निधि सहित विभिन्न आयामों में कार्य किया जाता है।

### समितियों के गठन पर की गई चर्चा

सीईओ बजरंग दुबे ने बताया कि, जिला पंचायत द्वारा पंचायत राज अधिनियम की धारा 47 के उपधारा (1) के अंतर्गत गठित किये जाने वाले स्थायी समितियों का विवरण बताया गया। जिसमें सामान्य प्रशासन समिति, कृषि समिति, शिक्षा समिति, संचार तथा संकर्म, सहकारिता और उद्योग, जल जीवन मिशन व पेयजल स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति समितियों का गठन कर सकेगी। वहीं सभी स्थायी समिति के सभापति होगें। सामान्य समिति को छोडकर प्रत्येक समिति में कम से कम तीन सदस्य होगे। वहीं शिक्षा समिति के सदस्यों में कम से कम एक महिला तथा अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति को भी होगा।

## प्लेसमेंट कैम्प में 25 आवेदकों का किया गया प्रारंभिक चयन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र मालवीय नगर चौक दुर्ग में 12 मार्च को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया था। इस प्लेसमेंट कैम्प में दो नियोजक टेक्नोटास्क बिजनेस सॉल्युशन प्रा.लि. एवं जुबिलेंट फूड वर्क्स (डॉमिनोज पिज्जा) दुर्ग कुल 170 रिक्तयों के साथ उपस्थित हुए। कुल 170 रिक्त पदों हेतु जिले के 47 आवेदक साक्षात्कार हेतु प्लेसमेंट कैम्प में सम्मिलित हुए। जिनमें उपस्थित नियोजकों द्वारा कुल 25 आवेदकों का प्रारंभिक चयन किया गया है। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग मालवीय नगर चौक दुर्ग में 12 मार्च को इंटर्नशिप योजना हेतु निःशुल्क पंजीयन शिविर का आयोजन भी किया गया। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र के उपसंचालक आर.के. कुर्रे द्वारा उपस्थित लगभग 60 आवेदकों को प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी, मार्गदर्शन प्रदान कर प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना में पंजीयन हेतु प्रोत्साहित किया गया। इसी कार्यक्रम में समग्र परिवार विकास केन्द्र से डॉ. आभा शशि कुमार (मनोविशेषज्ञ) भी उपस्थित रही। डॉ. आभा शशि कुमार (मनोविशेषज्ञ) के द्वारा शिविर में उपस्थित आवेदकों का काउंसलिंग किया गया एवं एनसीएस पोर्टल तथा अन्य विषय के बारे में आवश्यक जानकारी प्रदान किया गया।

■ इंटर्नशिप के लिए पंजीयन शिविर का आयोजन

### अनुरूप बने सर्व समाज के संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष



**दुर्ग।** छग सर्व समाज संगठन के अध्यक्ष मेघनाथ यादव ने अनुरूप साहू को छ.ग. सर्व समाज संगठन का उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्ति अनुरूप साहू के सुदीर्घ अनुभव एवं कुशल संगठनात्मक क्षमता को ध्यान में रखकर की गई है। उल्लेखनीय है कि अनुरूप साहू को दीर्घकालीन सामाजिक एवं सांगठिनक कार्य का अनुभव है। वे छ.ग. कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के महासचिव एवं प्रवक्ता तथा छत्तीसगढ़ कबीरपंथी साहू समाज दुर्ग जिला के संरक्षक हैं। उपरोक्त नियुक्ति से संगठन में उत्साह एवं हर्ष का माहौल है। सर्व समाज संगठन के पदाधिकारियों ने बधाई प्रेषित किये हैं। बधाई देने वालों में प्रदेश साहू संघ के महामंत्री एवं सर्व समाज संगठन के महामंत्री लखन लाल साहू, रमेश साहू, जीवन सिन्हा, संत कुमार केशकर, ब्रम्हदेव पटेल,डॉ. डी.पी. देशमुख, घनश्याम देवांगन, पंचराम साहू, चंदूलाल मरकाम, भोला साहू, डॉ. आर.एल. साहू, शेखर साहू , ठगेश्वर साहू शामिल हैं।

# होली पर शांति व्यवस्था बनाए रखने कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की लगाई ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

होली त्योहार के अवसर पर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी अरिवन्द कुमार एक्का द्वारा अधिकारियों की कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की ड्यूटी लगाई गई है। प्राप्त जानकारी अनुसार हरवंश सिंह मिरी अनुविभागीय दण्डाधिकारी दुर्ग (ग्रामीण) को अनुभाग दुर्ग ग्रामीण, शहर अंतर्गत समस्त थाना क्षेत्र, प्रफुल्ल कुमार गुप्ता तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट दुर्ग को अनुविभागीय दण्डाधिकारी दुर्ग निर्देशानुसार कार्य सम्पादित करेंगे। क्षमा यदु अतिरिक्त तहसीलदार एवं कार्य मजिस्ट्रेट दुर्ग को अनुविभागीय दण्डाधिकारी दुर्ग (ग्रामीण) के निर्देशानुसार कार्य सम्पादित करेंगे। वसुमित्र दीवान अतिरिक्त तहसीलदार एवं कार्य. मजि. दुर्ग को अनुविभागीय दण्डाधिकारी दुर्ग (ग्रामीण) के निर्देशानुसार कार्य सम्पादित करेंगे। ज्योत्सना कलिहारी नायब तहसीलदार एवं कार्य, मजि दुर्ग को अनुविभागीय दण्डाधिकारी दुर्ग (ग्रामीण) के निर्देशानुसार कार्य सम्पादित करेंगे। श्री हितेश पिस्दा अनुविभागीय दण्डाधिकारी छावनी/भिलाई नगर को अनुविभाग छावनी, भिलाई नगर के अन्तर्गत समस्त थाना क्षेत्र, पंचराम सलामे अतिरिक्त तहसीलदार एवं कार्य. मजि. भिलाई नगर को अनुविभागीय दण्डाधिकारी छावनी, भिलाई नगर के निर्देशानुसार कार्य सम्पादित करेंगे। हुलेश्वर नाथ खुंटे अतिरिक्त तहसीलदार एवं कार्य, मजि. दुर्ग को अनुविभागीय दण्डाधिकारी छावनी, भिलाई नगर के निर्देशानुसार कार्य सम्पादित करेंगे। ढाल सिंह बिसेन नायब तहसीलदार एवं कार्य. मजि. दुर्ग को अनुविभागीय दण्डाधिकारी छावनी/भिलाई नगर के निर्देशानुसार कार्य सम्पादित करेंगे। इसी प्रकार लवकेश ध्रुव अनुविभागीय दण्डाधिकारी पाटन को अनुविभाग पाटन अन्तर्गत समस्त क्षेत्र, मीना साहू तहसीलदार एवं कार्य मजि. पाटन को अनुविभागीय दण्डाधिकारी पाटन के निर्देशानुसार कार्य सम्पादित करेंगे। सुश्री ममता टावरी अतिरिक्त तहसीलदार एवं कार्य, मजि. पाटन को अनुविभागीय दण्डाधिकारी पाटन के निर्देशानुसार कार्य सम्पादित करेंगे।

भूपेन्द्र सिंह नायब तहसीलदार एवं कार्य. मजि. पाटन को अनुविभागीय दण्डाधिकारी पाटन के निर्देशानुसार कार्य सम्पादित करेंगे। मनोज कुमार रस्तोगी नायब तहसीलदार एवं कार्य मजि. पाटन को अनुविभागीय दण्डाधिकारी पाटन के निर्देशानुसार कार्य सम्पादित करेंगे। रमाकांत पटेल नायब तहसीलदार एवं कार्य.मजि. पाटन के निर्देशानुसार कार्य सम्पादित करेंगे। सोनाल डेविड अनुविभागीय दण्डाधिकारी धमधा को अनुविभाग धमधा अंर्तगत समस्त क्षेत्र, तार सिंह खरे तहसीलदार एवं कार्य. मजि. धमधा को अनुविभागीय दण्डाधिकारी धमधा के निर्देशानुसार कार्य सम्पादित करेंगे। रवि विश्वकर्मा नायब तहसीलदार एवं कार्य. मजि. बोरी को अनुविभागीय दण्डाधिकारी धमधा के निर्देशानुसार कार्य सम्पादित करेंगे। धर्मेश श्रीवास्तव नायब तहसीलदार एवं कार्य.मजि. बोरी को अनुविभागीय दण्डाधिकारी धमधा के निर्देशानुसार कार्य सम्पादित करेंगे। योगेश सिंह राजपूत नायब तहसीलदार एवं कार्य.मजि. धमधा को अनुविभागीय दण्डाधिकारी धमधा के निर्देशानुसार कार्य सम्पादित करेंगे।

■ अधिकारियों को दिए गए पर्व में जिम्मेदारी

## कल होलिका दहन होगा, पर्व को लेकर जिलेभर में उत्साह

# होली बाजार में चढ़ा रंग, खरीदी करने उमड़ रही भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

आगामी 14 मार्च को धूमधा से हाली पर्व माना जाएगा। पर्व को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह बना हुआ हैं। बाजारों में रंग बिरंगे पिचकारे और गुलाल लोगों को लुफा रहे है। शनिचरी बाजार में बडी संख्या में नंगाडा बेचे विक्रेता पहुंचे है। जहां दूर दूर से फाग समितियां नंगाडे की खरीदी करने पहुंच रहे हैं।

शहर सहित्त अंचल भर में होली पर्व को लेकर भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। होलिका दहन के लिए जहां शहर के सभी चौक चौराहों से लेकर अंचल भर में लकडियों के ढेर एकत्रित किए जा रहे हैं। तो वहीं दूसरी ओर बाजार में भी होली के लिए रंग गुलाल की दुकानें सज चुकी है। इस बार भी बाजार में बच्चें का आकर्षित करने के लिए रंग बिरंगी पिचकारियों के भरमार है। हर बार गुलाल से लेकर अन्य प्रकार की रंग भरपूर मंगाए गए हैं। व्यापारियों के माने तो इस चार भी होली के बाजार में जमकर बिक्री होगी। करोड़ का व्यवसाय होने की संभावना जताई जा रही है।

■ बाजार में सुबह से देर रात हो रही खरीदी



### कल होलिका दहन, 14 को रंगगुलाल

होली के पर्व के अवसर पर शहर सहित चंचल भर में परंपरागत तरीके से होली का पर्व मनाया जाता है। रंग गुलाल की सर्वाधिक विक्री होती है। वैदिक पंचांग के मुताबिक इस बार होलाष्टक की शुरुआत 7 मार्च से हो चुकी है, इसका समापन होलिका दहन के दिन पहले यानी 13 मार्च को होगा। अगले दिन 14 मार्च को नगर सहित अंचलभर में हर्षोल्लास के साथ होली का पर मनाया जाएगा।

### शनिचरी बाजार और इंदिरा मार्केट में ट्रैफिक जाम

शहर के इंदिरा मार्केट से लेकर शनिचरी बाजार तक ट्रैफिक जाम के हालात हैं। सडक किनारे बडी संख्या में रंग गुलाल और पिचकारियों की दुकान लगी हुई है। ऐसे में यहां सुबह से देर रात तक खरीदी हो रही हैं। होली पर्व के अवसर पर लोग जमकर रंग गुलाल खेलेंगे। इस बार भी बाजार में सबसे ज्यादा कार्टून वाली पिचकारियां बच्चों को भा रही है। हर्बल गुलाल से लेकर टोपी बिग रंग-बिरंगे आकर्षित कर रही है।

### क्लब ने मां-बेटियों का किया सम्मान

**दुर्ग।** लायनेस क्लब ऑफ दुर्ग सिटी द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर समाज में महिलाओं के योगदान की सराहना करते हुए विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता हासिल करने वाली महिलाओं का सम्मान किया गया। खास बात रही कि, कार्यक्रम में मां और बेटियों का एक साथ सम्मान किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि दुर्ग महापौर अलका बाघमार थी। अध्यक्षता समाजसेवी एवं डॉ.मानसी गुलाटी ने की। अतिथियों द्वारा अधिवक्ता पूजा केशरी, प्राचार्य दलजीत कोराडा, सांइटिस्ट सपना सोनी, बॉलीवुड कलाकार जागेश्वरी मेश्राम के अलावा समाजसेवी संस्था अंकिता कल्याण समिति के सदस्यों का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में क्लब के सदस्य माँ व बेटी भाग्यश्री मोड़क-धनश्री आदि मौजूद थे।

# नगर निगम में खेलेंगे आज फूलों की होली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



नगरनिगम में 13 मार्च को संध्या 3 बजे से नगर पालिक निगम के जन प्रतिनिधियों, निगम अधिकारी, कर्मचारीगण एवं कार्यकर्ता, पदाधिकारीगणों के साथ प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी होली मिलन, फूलों की होली से मनाया जाएगा। नगर निगम में होली मिलन समारोह का आयोजन में सभी एक-दूसरे को फूल बरसाकर होली की शुभकामनाएं दैंगे। कलाकारों द्वारा भक्तिमय भजन के साथ होली गीतों की प्रस्तुति देंगे। महापौर अलका बाघमार ने होली त्योहार को लेकर शांति एवं सौहाद्रपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की है। उन्होंने सभी से अनुरोध कर कहा कि, होली खेलते समय ध्यान रखे कि रंग गुलाल बिना सहमति के किसी भी व्यक्ति व महिला पर न डाले। यदि उनके द्वारा रंग गुलाल नही खेलने का अनुरोध करते है तो उनकी भावना का सम्मान किया जाए। महापौर ने कहा होलिका दहन किसी हरे वृक्ष के नीचे, बिजली तार के नीचे, गौरवपथ जैसे जगहों पर ना जलाया जाए। महापौर ने शहरवासियों को दी होली की शुभकामनाएं। कहा होली त्योहार शांति व सौहाद्रपूर्ण वातावरण में मनाया जाए।

## निधन

### ओम प्रकाश बंछोर



**भिलाई।** शॉप नंबर 4 ए सेक्टर-4 भिलाई निवासी ओम प्रकाश बंछोर उम्र 73 वर्ष का निधन 12 मार्च को हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा 13 मार्च को निवास स्थान से सुबह 10 बजे रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे स्व. शंकर लाल के पुत्र, चंद्रयायणी के पति, सतीश, सत्यनारायण के भाई, तोशपाल के चाचा, नमिता वर्मा, मोनेश, एकांश बंछोर, साकेत बंछोर के चाचा थे।

### आशुतोष पसीने



**दुर्ग।** न्यू दीपक नगर निवासी आशुतोष पसीने उम्र 60 साल का निधन 11 मार्च को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 12 मार्च को हरनाबांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे शैलेंद्र एवं जयंत पसीने के छोटे भाई थे।

### डॉ. अजीमुद्दीन बेताब



**भिलाई।** बीएसपी सेवानिवृत एवं सड़क 4 प्रगति नगर रिसाली निवासी डॉ अजीमुद्दीन बेताब 89 वर्ष का 12 मार्च को निधन हो गया। उनकी जनाजे की नमाज 13 मार्च को दोपहर 1.30 बजे कैंप एक कब्रिस्तान हैदरगंज में अदा की जाएगी। वे पत्नी जमीला खातून, पुत्र तबरेज एवं परवेज सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

### विधायक रिकेश के प्रस्ताव पर मिली होली की बड़ी सौगात

# सुपेला में बनेगा छग का पहला हार्स राइडिंग ट्रैक, खिलाड़ियों में हर्ष

**1 करोड़ 9 लाख रुपए की मिली प्रशासकीय स्वीकृति**



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

घुड़सवारी सीखने से आत्मविश्वास और आत्म-सम्मान विकसित होता है, जब कोई सवार सीखता है कि कैसे आगे बढ़ना है और साथ ही सवारी प्रशिक्षक या खुद द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करता है, तो 'मैं यह कर सकता हूँ' की भावनाएँ वास्तव में जीवन में प्रभाव डालती हैं। घुड़सवारी करना आसान नहीं है और हर कोई इसे नहीं कर सकता। एक कुशल घुड़सवार बनने का

- 6 माह की भीतर निर्माण कार्य पूरा करने का रखा गया लक्ष्य

मतलब है कि आपके पास एक ऐसा कौशल है जो कई लोगों के पास नहीं है। जी हां, हार्स राइडिंग के इसी कौशल को ध्यान में रखते हुए वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन की पहल पर छः महीने के भीतर छत्तीसगढ़ का पहला हार्स राइडिंग ट्रैक भिलाई के सुपेला स्थित प्रियदर्शनी परिसर में बनने जा रहा है।

फरवरी महीने में दुर्ग जिला खनिज संस्थान न्यास की शासी परिषद् बैठक में वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने अपनी विधानसभा क्षेत्र के सुपेला प्रियदर्शनी परिसर में हार्स राइडिंग ट्रैक निर्माण का प्रस्ताव पेश कर ट्रैक संबंधित प्रोजेक्ट भी शासन को दिया था जिस पर 1 करोड़ 9 लाख 96 हजार रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति मिली है। इस कार्य के लिए 43 लाख 98 हजार 400 रूपये की पहली किश्त राशि भी जारी कर दी गई है। विधायक रिकेश सेन ने बताया कि छत्तीसगढ़ का पहला शानदार हार्स राइडिंग ट्रैक सुपेला में तैयार किया जाएगा और 6 माह के भीतर इसे पूरा करने का लक्ष्य निश्चित किया गया है। उन्होंने कहा कि हार्स राइडिंग ट्रैक बनने से घुड़सवारी के सेटअप और इंफ्रास्ट्रक्चर का इंतजाम भिलाई में किया जाएगा जिससे यहां भिलाई-दुर्ग ही नहीं पूरे छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी प्रेक्टिस कर सकेंगे। इस संबंध में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा खेल मंत्री से चर्चा कर हार्स राइडिंग के अधीन हंटर/जंपर्स से लेकर रनिंग, ड्रेसेज, ड्राइविंग, इवेंटिंग, वॉल्टिंग, पोलो, ट्रेल क्लासेस, गैटेड प्रतियोगिताओं से लेकर रेनड काऊ और बैरल रेसिंग जैसे अनेक आयोजनों तथा प्रशिक्षण पर भी विचार किया जाएगा।

गौरतलब हो कि वैशाली नगर विधायक के प्रस्ताव पर सुपेला के प्रियदर्शनी परिसर क्षेत्र में ही लगभग 2 करोड़ की लागत से स्केटिंग ट्रैक और 5 करोड़ की लागत से स्वीमिंग पूल निर्माण को स्वीकृति मिल चुकी है। अब यहां 6 महीने के भीतर हार्स राइडिंग ट्रैक निर्माण होने के बाद बहुत जल्द भिलाई सुपेला का यह क्षेत्र स्पोर्ट्स हब के रूप में विकसित होगा। विधायक रिकेश सेन के इन तीन महत्वपूर्ण विकास कार्यों को प्रशासकीय स्वीकृति मिलने से जहां क्षेत्र में हर्ष की लहर है वहीं स्वीमिंग, हार्स राइडिंग और रोल स्केटिंग खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों ने श्री सेन का आभार व्यक्त किया है।

# निकुम पंचायत में पहली बैठक में जमकर हंगामा

### उपसरपंच सहित 9 पंचों ने जताया विरोध



हरिभूमि न्यूज ⏭ निकुम

दुर्ग जिले के ग्राम पंचायत निकुम में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के बाद भी राजनीतिक सरगर्मी थमने का नाम ही नही ले रहा है। गौर हो कि पंच, सरपंच का शपथ ग्रहण 3 मार्च को हुआ जिसमें 18 पंचो ने शपथ लिया, लेकिन सरपंच नहीं पहुंचे, वहीं 5 मार्च को सरपंच भागवत राम पटेल ने शपथ गांव में सामूहिक रुप से लिया तो 11 पंच नदारद रहे। जिसके बाद सरपंच भागवत पटेल ने सभी 11 पंचों को कारण बताओं नोटिस जारी करने के बाद राजनैतिक महौल ने तूल पकड़ लिया है। वहीं 12 मार्च को दोपहर में ग्राम पंचायत निकुम में विकास कार्यों को लेकर नवनिर्वाचित पंच, सरपंच की बैठक होते ही सरपंच भागवत पटेल ने नोटिस का जवाब मांगते हुए नहीं देने पर बैठक से जाने की बात कहने पर उपसरपंच गोपेन्द्र साहू सहित पंच राजेश साहू, नीरा साहू, बंसती साहू, मंजू साहू, सरोज साहू, यशोदा पारधी सहित 9 पंच घंटे भर ग्राम पंचायत निकुम गेट के धूप में बाहर खड़े होकर सरपंच भागवत पटेल के दुर्व्यवहार रवैये, मनमानी को लेकर जमकर विरोध जताया। वहीं लगातार तीसरी बार पंच बनी यशोदा पारधी ने कहा कि आदिवासी महिला होने के कारण मुझे अपमान लग रहा है, पहली बार इस पंचायत में इस तरह का व्यवहार से पंचगण नाराज हैं। वहीं महिला पंचों ने कहा कि किस बात का नोटिस दिया गया। वहीं पंचायत में सरपंच, पंच, उपसरपंच की आपसी तनातनी को देखकर गांव में कई तरह की चर्चाएं हो रही है।

**नोटिस का लिखित जवाब दें: सरपंच भागवत**



सरपंच भागवत पटेल ने कहा कि जब मैने 5 मार्च को सामूहिक शपथ का आयोजन किया, उसमें 11 पंच नहीं पहुंचे, तो मैने लिखित में जवाब मांगा है, जिससे नाराज होकर बैठक से उपसरपंच व पंच लोग पंचायत से चले गये, नोटिस का जवाब देवे, तब बैठक में सम्मिलित होंगे यह मेरा फैसला है।

**सरपंच की मनमर्जी बर्दाश्त नही करेंगे: उपसरपंच गोपेन्द्र**

गांव की जनादेश से हम सभी पंचायत प्रतिनिधि चुनकर आये, वहीं सभी मिलजुलकर गांव की विकास कार्य करेंगे, लेकिन पंचायत में सरपंच के मनमानी रवैये से महिला पंच और अन्य नाराज है, जबकि शासन के आदेशानुसार पंचों ने 3 मार्च को ग्राम पंचायत निकुम में पद व गोपनीयता की शपथ ले लिया। आरोप लगाते हुए कहा कि गांव में सरपंच भागवत पटेल निकुम में रहते हुए भी शपथ ग्रहण नही कर अपने मनमर्जी से 5 मार्च को शपथ लिये हैं।


**बिजनेस साइट**

## ओम ज्वेलर्स को ग्राहकों का मिल रहा बेहतर प्रतिसाद



**भिलाई।** शहर के हृदय स्थल इंदिरा मार्केट प्रिया श्रृंगार सदन के सामने शॉप नंबर 64बी में स्थित ओम ज्वेलर्स दुर्ग अपने ग्राहकों के हितों के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है। जहां आपको मिलता है भारत सरकार द्वारा huid पास टोटल हॉलमार्क के गहनों का विशाल रेंज उपलब्ध है। जिसमें नये व पुराने ग्राहकों को 100 प्रतिशत संतुष्टी निश्चित होकर गहने खरीद सकते हैं। साथ ही गहनों मे टूट फुट की 2 साल की रिपेरिंग फ्री की सुविधा उपलब्ध है। मनपसंद कलात्मक ज़ेवर, ग्राहकों के रुपयों के अनुरूप कम कीमत से ज्यादा क़ीमत पर एक से एक नई नई डिजाइन उपलब्ध रहता है, दिवाली व शादी विवाह के सीजन को देखते हुए लाइट वेट से अधिकतम वेट की ज्वेलरी में सोने के नेकलेस, झुमका, बाली, एरिंग टॉप्स, रानी हार, चोकर.चांदी में पायल कमरबंद, बाजूबंद बिछिया, ऑल सोने चांदी की एक से बढ़कर एक वैरायटियों का नई-नई डिजाइन का विशाल रेंज उपलब्ध है। वहीं दूल्हे दुल्हन के लिए खास टूर बैग, इम्पोर्टेन्ट वॉच, जितना सोना उतना चांदी फ्री ग्राहकों की तत्काल गिफ्ट दिया जाता है। क़ीमत भी सबसे कम चीप दर पर गहने प्रदान किया जा रहा है और भी विशेषताएं प्रदान की जाती है। जैसे अपने पुराने सोने को नये जैसे बनाए वो भी बिना नुकसान के बिना वजन कम हुए तत्काल, पुराने सोने चांदी की 100 प्रतिशत मूल्यों के साथ वापसी, पुराने सोने-चांदी का तत्काल रिपेरिंग, मंगलसूत्र गुथायी 0 चार्जेबल पर, किसी भी गोल्ड के गहने पर 100 प्रतिशत वापसी, हमारी संस्थान में किसी भी प्रकार के गहने, जेवरों का पेमेंट घर से करने की सुविधा उपलब्ध, सभी प्रकार की चेक स्वीकार किए जाते हैं, आल एटीएम, डेबिट, क्रेडिट कार्ड स्वीकार किये जाते हैं, भारत सरकार द्वारा प्रमाणित 916.(22c )833(20c)750(18c )टोटल हॉलमार्क की गहने की भरपूर रेंज उपलब्ध, हर दस हजार की खरीदी पर चांदी की मूर्ति फ्री, हमारी संस्थान ग्राहकों को अच्छी क्वालिटी व गुणवत्ता की सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।


# एचएससीएल कर्मियों को सालों बाद मिला न्याय, अब संयुक्त समिति करेगी निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

एच्छिक सेवानिवृत्ति के तहत हिन्दुस्तान स्टील वर्क्स कंस्ट्रक्शन लिमिटेड भिलाई ( एचएससीएल ) की सेवा से अलग हुए हजारों कर्मचारियों को लंबी कानूनी लड़ाई के बाद अब जाकर न्याय मिल पाया है। करीब 25 वर्ष

- हाईकोर्ट के निर्देश के बाद गठित होगी पांच सदस्यों की समिति

पहले इन कर्मचारियों ने एच्छिक सेवानिवृत्ति ली थी। लेकिन योजना के तहत प्रबंधन द्वारा सेवानिवृत्ति लाभ नहीं दिया गया। अब बिलासपुर उच्च न्यायालय ने भुगतान संबंधी लंबित मामले के निराकरण के लिए पांच सदस्यीय संयुक्त समिति गठित करने का निर्देश दिया है। अदालत के इस निर्णय से लंबे समय से अपने अंतिम भुगतान का इंतजार कर रहे एचएससीएल के पूर्व कर्मचारियों को राहत मिली है। एचएमएस यूनियन के वरिष्ठ नेता एचएस मिश्रा ने बताया कि 25 साल पहले एचएससीएल के हजारों कर्मचारियों ने एच्छिक सेवानिवृत्ति ले ली थी। लेकिन कर्मचारियों को ग्रेज्युटी, एक्सग्रेसिया, स्पेशल एक्सग्रेसिया, लीव इनकेशमेंट, एचआरए, मेडिकल बिल्स, नोटिस पे, अर्जित अवकाश और महंगाई भत्ता का भुगतान कंपनी द्वारा नहीं किया गया था। एचएससीएल के सेवानिवृत कर्मचारियों के ग्यारह अलग-अलग समूह की ओर से अधिवक्ता उत्तम पाण्डेय के माध्यम से हाई कोर्ट बिलासपुर में याचिका दाखिल की गई थी। कम्पनी व कर्मियों के बीच हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में लम्बी मुकदमेबाजी के बाद 25 फरवरी को प्रकरण की सुनवाई न्यायाधीश राकेश मोहन पाण्डेय के न्यायालय में हुई। दोनों पक्षों को सुनने के बाद निर्देशित किया कि कम्पनी के मैनेजमेंट एवं हेड ऑफिस के द्वारा पांच सदस्यीय संयुक्त समिति गठित की जाएगी, जो कि दावों का निराकरण करेगी।

**समिति 120 दिन में निर्णय देगी**



कर्मियों द्वारा आवेदन पत्र 30 दिन के भीतर प्रस्तुत किया जाएगा। उन्हें व्यक्तिगत सुनवाई का अवसर दिया जाएगा। समिति 120 दिन के भीतर अपना निर्णय घोषित करेगी। कर्मियों की ओर अधिवक्ता उत्तम पाण्डेय, विकास वाजपेयी, पूजा सिन्हा, सुनील पाण्डेय ने पैरवी की और कम्पनी की ओर से एन नाहर राय द्वारा अपना पक्ष रखा गया। श्री मिश्रा ने बताया कि हाई कोर्ट के निर्णय से संबंधित सभी ग्यारह अलग-अलग समूह के नकल एवं कर्मचारियों को 30 दिन के भीतर समिति के समक्ष प्रस्तुत किए जाने वाले आवेदन का प्रारूप लेकर आएं हैं। जिन कर्मचारियों को निर्णय का नकल और आवेदन का प्रारूप लेना है वे होली के बाद उनसे संपर्क कर सकते हैं।

# धनोरा में जलेगी नींबू और नारियल की होली



**अंडा।** बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में 13 फरवरी के हर साल की भांति इस साल भी बड़े धूमधाम के साथ होली के दिन शाम 4 बजे बोरसी रोड पर स्थित बघुवा के मूर्ती का दरबार के सभी भक्तगण इकठ्ठा होकर पूजा पाठ करके बघुवा के मुर्ती को लाल रंग के चुनरी पान फूल एवं केसरईया पताका चढ़ाकर सभी भक्तों की सुख समृद्धि के लिए हांथ जोड़ कर प्रार्थना करेंगे फिर वहां से आकर दरबार में पूजा पाठ किया जाएगा। तत्पश्चात दरबार के आगे श्री लक्ष्मण बाबा, नंद पंडा, मनोज पटेल, विनोद साहू के द्वारा पूजा पाठ करके नंद पंडा द्वारा चकमक पत्थर की आग से होली जलाया जाएगा। हर साल होली के दिन बड़े ही दूर दूर से लोग अपने एवं अपने घर परिवार वाले के पुराने कपड़ा लेकर आते हैं और होली में डालते हैं जो भी भक्त गण वहां पर मौजूद रहते हैं उसके शरीर से नारियल भेलवा उतार कर होली मे डाले जाते हैं ताकि उसके सारे परेशानी होली मे जलकर स्वाहा हो जाए और आनंद पूर्वक अपने परिवार के साथ रहे यह होली का कार्यक्रम देर रात तक चलते रहते हैं। अपने घर परिवार के लिए होलीका दहन के पास हांथ जोड़ कर प्रार्थना करते हैं उनके खुशहाल जीवन के लिए फिर देर रात तक श्री राधा कृष्ण फाग एवं सेवा भजन मंडली के गायक भाई गुलाब साहू के द्वारा फाग गीत गाया जाता है और एक दुसरे को रंग गुलाल लगा कर सब नगाड़े की धुन पर नाचते गाते हैं फिर अपने अपने घर को प्रस्थान करते हैं होलीका दहन के इस आयोजन में मुख्य रूप से राजू यादव, मनसुखा साहू, मनोज पटेल रोमनाथ साहू, बबलू गज्जू रायपुरीहा, भोलू साहू, खिलेश्वर साहू, सुनील कहार, सुंदर स्प्रे, दिनेश साहू, कुंभकरण पटेल, वासुदेव स्प्रे, मुनना गंधर्व, जीवराखन, बाबूलाल साहू, लक्ष्मण यादव, कुंज लाल पटेल, चेतन साहू, मारियल साहू, दिनेश यादव, उमेश साहू, ओमकार साहू, दिलीप, डॉ धनेशवर साहू, एमलाल देवांगन आदि मौजूद रहेंगे।


## केडी पब्लिक स्कूल में प्रवेश प्रारंभ एडमिशन पर विशेष छूट



**भिलाई।** के डी पब्लिक स्कूल मीनाक्षी नगर बोरसी दुर्ग में स्थित एक प्रतिष्ठित शैक्षिक संस्थान है जहां नए शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रारंभ किया गया है। इस अवसर पर स्कूल प्रशासन ने एक विशेष छूट की घोषणा की है जिसमें पहले 25 एडमिशन पर 1000 रुपए तक की छूट प्रदान की जाएगी। स्कूल में विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तथा समग्र विकास प्रदान करने हेतु विद्यालय सदा से ही समर्पित रहा है। विद्यालय में आधुनिक पद्धति द्वारा शिक्षा प्रदान किया जाता है, यहां छात्रों को अपनी सीख को अपने तरीके से प्रस्तुत करने के अधिक अवसर प्रदान किए जाते हैं। विद्यालय में छात्रों के शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक एवं नैतिक गुणों के विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है। स्कूल की बड़ी इमारत, विशाल खेल का मैदान कंप्यूटर और विज्ञान लैब से सुसज्जित तथा स्कूल बस जैसी सुविधाओं से युक्त है। यहां प्ले ग्रुप से कक्षा बारहवीं तक की कक्षाएं लगती है। बच्चों के उज्जवल भविष्य को ध्यान में रखते हुए विद्यालय में स्मार्ट इंटरएक्टिव क्लासरूम है, यहां विद्यार्थियों को सुयोग्य एवं अनुभवी अध्यापकों द्वारा शिक्षण प्रदान किया जाता है तथा क्रियात्मक गतिविधियों के द्वारा कक्षाएं लगाई जाती है, विद्यार्थियों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी तथा स्पोकन इंग्लिश एवं जी डी की कक्षाएं भी लगाई जाती हैं। विद्यालय में पुस्तकालय,रोबोटिक लैब,तथा विज्ञान संकाय से संबंधित सभी लैब उपलब्ध है, विद्यालय में खेल का मैदान है जहां इंडोर तथा आउटडोर गेम का प्रशिक्षण भी दिया जाता है। बच्चों के संपूर्ण विकास के लिए नियमित योग की कक्षाएं लगाई जाती है। साथ ही साथ कला शिल्प गायन एवं नृत्य की नियमित कक्षाएं भी लगाई जाती है एवं आधुनिक वाद्य यंत्रों का प्रशिक्षण भी दिया जाता है। समय-समय पर विद्यार्थियों की काउंसलिंग की जाती है जिससे उनका व्यक्तित्व विकास हो सके एवं विद्यार्थियों का मेडिकल चेकअप भी कराया जाता है। विद्यालय में समय-समय पर पालक शिक्षक मीटिंग का आयोजन भी किया जाता है। विद्यालय परिसर पूर्णतः सीसी टीवी से कैमरे से युक्त है। केडी पब्लिक विद्यालय शिक्षा के लिए एक स्वर्णिम अवसर का प्रतीक है और छात्रों को सफलता की ओर सदा प्रेरित करता है। स्कूल में एडमिशन के लिए आवेदन करने के लिए इच्छुक अभिभावक और छात्र हमारी वेबसाइट पर जा सकते हैं और ऑनलाइन आवेदन पत्र भर सकते हैं। एडमिशन प्रक्रिया के बारे में अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारे स्कूल कार्यालय से संपर्क करें।


## बोरी आत्मानंद स्कूल का औचक निरीक्षण



**भिलाई।** बोरी क्षेत्र के पालकों के शिकायत के बाद बोरी आत्मानंद शासकीय स्कूल का औचिक निरीक्षण किया गया, जांच में पता चला वहां पर कक्षाएं में बहुत ही गंदगी,पढ़ाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है,बच्चों के लिए पीने तक का पानी का व्यवस्था नहीं, वहां पर जवाब दारी लेने के लिए कोई जिम्मेदार कर्मचारी नहीं है, जिससे जनप्रतिनिधिगण बहुत ही आक्रोशित था, जहां पर स्कूल शाल प्रबन्धन एवं विकास समिति के अध्यक्ष अरविंद पटेल,बोरी पंचायत सरपंच टिकेश्वर देशमुख,पंच पोषण सेन,युवा नेता भोलापटेल व प्रधान पाठक दीपिका बघेल उपस्थित थी।

## जहां फैला कचरा उस स्थान का होगा सौन्दर्यीकरण, किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

रिसाली महापौर शशि सिन्हा वार्ड 26 में सौन्दर्यीकरण कार्य का भूमिपूजन की। इस कार्य के लिए 4 लाख 60 हजार स्वीकृत है। इसके अलावा वार्ड 34 में भी सी.सी. रोड बनाने भूमिपूजन किया की। सरस्वती नगर वार्ड 26 में जहां कचरा का ढेर लगा रहता था, उस स्थान का सौन्दर्यीकरण होगा। दरअसल आस पास के नागरिक उस स्थल को डंपिग यार्ड बना लिया था। सर्वे के दौरान मामले का खुलास होते ही शासन ने राशि स्वीकृत की। महापौर शशि सिन्हा ने स्थल सौन्दर्यीकरण करने नारियल तोड़कर पूजा अर्चना की। इस अवसर पर एमआईसी अनिल देशमुख, संजू नेताम, जहीर अब्बास, पार्षद राहुल राय आदि उपस्थित थे।

## शांतिपूर्ण होली त्योहार मनाने पुलिस का फ्लैग मार्च



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

ट्विनसिटी में होलिकोत्सव आपसी सद्भाव में मनेगा। इसके लिए पुलिस ने शहर में फ्लैग मार्च किया। 13 व 14 मार्च को होली पर्व है। पुलिस कण्ट्रोल रूम, सेक्टर-06 भिलाई से फ्लैग मार्च रवाना किया गया। फ्लैग मार्च रवाना करने के पूर्व उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पुलिस अधीक्षक व्दारा ब्रीफिंग किया गया कि शहर में पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था रखी जाए। गुण्डा बदमाशों, असामाजिक तत्वों, अशांति फैलाने वालों पर ठोस कार्यवाही की जाए। दुर्ग पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि वे सद्भावनापूर्वक होली का त्यौहार मनाऐं, साथ ही यदि किसी नागरिक को कोई व्यक्ति किसी भी प्रकार का हथियार चाकू, कदर, कटार, आर्म्स आदि रखने की जानकारी प्राप्त होती है तो उसकी जानकारी अपने नजदीकी थाना/चौकी या पुलिस कण्ट्रोल रूम में दें, उनका नाम एवं मोबाईल नम्बर गुप्त रखा जाएगा। फ्लैग मार्च एसपी जितेंद्र शुक्ला के निर्देश, सुखनंदन राठौर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, शहर, दुर्ग के मार्गदर्शन में निकाला गया। जिसमें चिराग जैन, भापुसे, नगर पुलिस अधीक्षक, दुर्ग, राहुल बंसल, परि. भापुसे, नगर पुलिस अधीक्षक, भिलाई नगर सत्य प्रकाश तिवारी, नगर पुलिस अधीक्षक, छावनी हरीश पाटिल, उप पुलिस अधीक्षक, लाईन चन्द्रप्रकाश तिवारी, नीलकण्ठ वर्मा, रक्षित निरीक्षक, दुर्ग एवं दुर्ग-भिलाई शहर के समस्त थाना / चौकी प्रभारी व पुलिस के जवान उपस्थित थे ।


## शिखर आयुर्वेद हास्पिटल का हुआ भव्य शुभारंभ



**भिलाई।** रामनगर इंदिरा स्कूल के सामने नवनिर्मित शिखर आयुर्वेद हास्पिटल का शुभारम्भ हुआ। मुख्य अतिथि दुर्ग महापौर अल्का बाघमार, गुरुदेव रवि रंजन महाराज एवं पुरूषोत्तम देवांगन जिला अध्यक्ष भाजपा भिलाई उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि रवि खिचरिया, मिथला खिचरिया, के मणी, एनआर वर्मा मंच पर आसीन थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुधीर हीशीकर एवं एसएस मीणा ने किया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथियों द्वारा श्री धनवन्तरी देव की पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम की शरुआत किया गया। महापौर दुर्ग अल्का बाघमार के द्वारा विधिवत हास्पिटल का शुभारम्भ किया गया। उन्होंने अपने आर्शीवचन में आयुर्वेद के सिद्धांत और गुण पर चर्चा करते हुए कहा कि आयुर्वेद हमारी वेद आधारित चिकित्सा प्रणाली हैं जिसके इलाज से चमत्कारिक परिणाम प्राप्त होते हैं। डॉ.धर्मपाल सिंह ठाकुर एवं मोनीष वर्मा द्वारा अतिथियों को श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सादर विदाई दी गई। हास्पिटल के डायरेक्टर डॉ. हिमशिखा वर्मा एवं डॉ. दिनेश चंद्राकर ने आभार व्यक्त किया एवं मंच संचालन चंद्रशेखर परगनिहा द्वारा किया गया।



**NAME CHANGE**

By this deed I, the undersigned SARIKA SINGH (new name) previously called SARIKA (old name), doing HOUSE WIFE (give profession or vocation) and resident of MIG I 45 HUDCO BHILAI DISTT. DURG (C.G.) (address) solemnly declare :-

1) That for and on behalf and my husband and children and remitter issue wholly renounce/relinquish and abandon the use of my former name /surname of SARIKA and in place there of I do hereby assume from this date the name /surname SARIKA SINGH and so that I and my husband, children and remitter issue may hereafter be called, known and distinguished not by my former name/surname, but assumed name /surname of SARIKA SINGH

2) That for the purpose of evidencing such my determination declare that I shall at all times hereafter in all records, deeds and writings and in all proceedings, dealings and transactions, private as well as upon all occasions whatsoever use and sign the name of SARIKA SINGH as my name/surname in place and in substitution of my former name surname.

3) That I expressly authorize and request all persons in general and relatives and friends particular, at all time hereafter to designate and address me, my wife, my children Cmitter issue by such assumed name/surname of SARIKA SINGH accordingly.

in witness whereof I have hereunto subscribed my former and adopted name/surname SARIKA and SARIKA SINGH affix my signature and seal if any, this 21/02/2025.

Signed sealed and delivered by the above Former name SARIKA
Name: SARIKA SINGH
Address MIG I 45 HUDCO BHILAI DISTT. DURG (C.G.)

**नाम परिवर्तन**

मैं शपथकर्ता सारिका सिंह पति श्री संतोष कुमार, आयु 53 वर्ष निवासी - एम.आई.जी. 1-45 हुडको आमदी नगर भिलाई तह.व जिला दुर्ग (छ.ग.) की हूँ जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करती हूँ:-

1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है।
2. यह कि मेरे आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेजों में मेरा पूरा नाम सारिका सिंह दर्ज है।
3. यह कि मेरे पुत्री निहारिका सिंह के शैक्षणिक अभिलेख में उसकी माता अर्थात् मेरा नाम केवल सारिका दर्ज हो गया है।
4. यह कि सारिका सिंह एवं सारिका उपरोक्त दोनों नाम एक ही व्यक्ति अर्थात मेरे स्वयं के नाम है जो कि सत्य व सही है।

अतः शपथ पत्र दोनों नाम एक ही व्यक्ति होने की सत्यता में सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत है।

शपथकर्ता
सारिका सिंह


15 मार्च
मान. श्री विजय बघेल जी
को जन्मदिन की
हार्दिक शुभकामनायें
ललित चन्द्राकर
विधायक, दुर्ग ग्रामिण
संजय बघेल
शशि बघेल
राकेश खिचरिया
दीपक चन्द्राकर (पप्पू)
प्रकाश चन्द्राकर
राजा पाठक
अरविन्दर सिंह खुराना
परमजीत सिंह (टोनी)
उपकार चन्द्राकर
शुभम शर्मा
राजीव चौबे
कमलेश चन्द्राकर
रानी बंछोर
कमलेश साहू
ज्योति प्रकाश साहू
अखिलेश मिश्रा
बाबा वर्मा
पोषण वर्मा
राजेश चन्द्राकर
लोकमणी चन्द्राकर
लालेश्वर साहू
खेमलाल साहू
हर्षा लोकमणी चन्द्राकर
अजय बघेल
सोनूराम सिंह
सुरेन्द्र साहू
राजेश वर्मा
कैलाश यादव
मोहन साहू
विधि यादव
बंटी यादव
शत्रुहन लाल धनकर
प्रणव शर्मा
खेमलाल देशलहरा
रामकुमार चन्द्राकर
नारद साहू
विनय चन्द्राकर
सुरेन्द्र वर्मा
सुनील वर्मा
अनुप चन्द्राकर
कुलदीप बैसवाड़े
सुनील चन्द्राकर
हर्ष भाले
रज्जु सोनी
नरेश केला
निर्मल जैन
अरूण सिंह
मनमोहन शर्मा
मनोज शर्मा
विपिन चन्द्राकर
निखिलेश दावड़ा
गंगाधीन साहू
धनराज साहू
आशीष यादव
कृष्ण कुमार यादव
शंकर वर्मा
रामकुमार धनकर
प्रकाश यादव
शारदा गुप्ता
रविन्द्र सिंह (रोमी)

# हरिभूमि लाइव

रायपुर, गुरुवार 13 मार्च 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at 9755819129






फ्रेंच स्टाइल

## लाइव इवेंट

### मशरूम की बुनियादी तकनीक को समझा, उत्पादन में आने वाली समस्याओं को जाना



**भिलाई।** दो दिवसीय मशरुम संवर्धन प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन भारती विश्वविद्यालय दुर्ग में किया गया। जिसमें विद्यार्थियों को मशरूम उगाने की विधि, तकनीकी पहलुओं और इसके व्यवसायिक उपयोग के बारे में गहन प्रायोगिक जानकारी दी गई। मशरुम पालन से लेकर मार्केटिंग की सभी जानकारी विषय विशेषज्ञ आईटीएम विश्वविद्यालय रायपुर के सुक्ष्मजीव विज्ञान विभाग सहा. प्राध्यपक डॉ. लोकनाथ देशमुख द्वारा प्रदान की गई। विद्यार्थियों को शैक्षणिक प्रायोगिक ज्ञान के साथ व्यवसायिक रुप से ऑयस्टर मशरूम खेती, जो एक अत्यधिक लाभकारी और पर्यावरण के अनुकूल व्यवसाय है के लिए प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण में विद्यार्थियों ने ऑयस्टर मशरूम की खेती की बुनियादी तकनीक को समझा, साथ ही इसके उत्पादन में आने वाली समस्याओं और उनके समाधान पर मार्गदर्शन प्राप्त किया। प्रशिक्षक ने विशेष रूप से मशरूम की उगाने की प्रक्रिया, खेतों में इनकी देखभाल, गुणवत्ता नियंत्रण पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला।

- मशरुम संवर्धन प्रशिक्षण कार्यशाला का एक दिवसीय आयोजन

कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डॉ. बी.एन. तिवारी के मार्गदर्शन में किया गया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र कुमार स्वर्णकार ने कार्यशाला को विद्यार्थियों की विषय के प्रति गहरी प्रायोगिक समझ विकसित करने के साथ व्यवसायिक प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए बहुत उपयोगी बताया। कार्यशाला में प्राध्यापक डॉ. श्वेता एन, डॉ. आकांक्षा जैन, डॉ. प्रतिभा कुरूप, गरिमा बंछोर, लीलम चंद्राकर, प्रियंका सिन्हा, जयंत बारिक, वी.सुषमा, सूरज जंघेल, युक्ति नोन्हारे, पूर्ति पवार, रोशन नोन्हारे सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यशाला का आयोजन लाइफ साइंस संकाय व पर्यावरण संरक्षण समिति द्वारा आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के सहयोग से किया गया।

## सिटी इवेंट

### छात्रों ने देखी छग विधानसभा की प्रशासनिक कार्यप्रणाली और शासकीय संस्थाओं का किया अध्ययन



**भिलाई।** सेंट थॉमस महाविद्यालय भिलाई के प्रबंधन एवं अर्थशास्त्र विभाग के छात्रों ने छत्तीसगढ़ विधानसभा का औपचारिक भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने विधानसभा की कार्यप्रणाली देखी और इसके सांस्कृतिक वातावरण का वास्तविक अनुभव किया। प्रोफेसर ने जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य 1 नवंबर सन 2000 को बना और इसी के साथ राज्य के निवासियों के विकास की नयी यात्रा का आरंभ हुई। सेंट थॉमस महाविद्यालय अपने छात्रों के व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव प्रयासरत रहता है। इसी कड़ी में विधानसभा भ्रमण के दौरान छात्रों ने प्रशासनिक कार्यप्रणाली एवं शासकीय संस्थाओं के वातावरण का अध्ययन किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एम. जी. रोईमोन ने कहा कि सेंट थॉमस महाविद्यालय अपनी गुणवत्ता एवं छात्रों के लिए ज्ञानवर्धक कार्यक्रम आयोजित कराने के लिए जाना जाता है। महाविद्यालय के प्रशासक रेवरेंट फादर डॉ. पी. एस. वर्गीस ने इस शैक्षणिक कार्यक्रम के लिए आयोजकों और विद्यार्थियों को अन्य जरुरी जानकारियां देते हुए समय-समय पर शैक्षणिक आयोजन किये जाने की बातें कही। यह भ्रमण अर्थशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ अपर्णा घोष एवं प्रबंधन विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ सूसन आर. अब्राहम के मार्गदर्शन में हुआ। भ्रमण की सम्पूर्ण व्यवस्था का संचालन प्रबंधन विभाग के छात्र संघ के छात्रों द्वारा किया गया।



### होली मिलन आज

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई की पूर्व पार्षद व भाजपा नेत्री रश्मि सिंह द्वारा बीएसएनएल चौक भिलाई में 13 मार्च को होली मिलन समारोह का आयोजन रखा गया है। होली गुरुवार की सुबह 7 बजे से 11 बजे रहेगा। रश्मि सिंह ने बताया कि रंग गुलाल और फुलो की होली ढोल नगाडे के साथ मनाई जाएगी। इस दौरान होली टी शर्ट का भी वितरण किया जाएगा। सभी के लिए कार्यक्रम के दौरान स्वल्पाहार की भी व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि रंगो के पर्व को और भी बेहतर बनाने के लिए प्रयास किया जा रहा है।

● 50 वर्षो से नगाड़ा बेचने का कर रहे पुश्तैनी काम, खरीदने वालों को सिखाते हैं बजाना भी

# नगाड़े लाते हैं होली में रंग और उमंग, ढोल-नंगाड़ों की थाप हुई कम, लोक कलाकार निभा रहे हैं परंपरा, गीत-संगीत के साथ मनाया जा रहा फागुन उत्सव

रंगों का त्यौहार होली शुक्रवार को पूरे अंचल सहित पूरे देश में हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी। जिसके लिए कुछ दिन पहले से ही बाजारों में उल्लास का वातावरण दिखाई दे रहा है। रंग-गुलाल, बच्चों के लिए हाईटेक पिचकारी होली खेलने में चार चांद लगा देती है। तो वहीं पारंपरिक धुन में नगाड़ों की आवाज होली के उत्साह को कई गुना बढ़ा देती है। लेकिन आधुनिकता के चलते पारंपरिक नगाड़े की आवाज अब कानों तक नही सुनाई देती है।

**भिलाई।** मस्ती भरे होली के त्यौहार में शहरों की बजाय ग्रामीण क्षेत्रों में रौनक कुछ दिनों पहले से ही दिखाई देना शुरु हो गई है। बसंत पंचमी से रंग पंचमी तक पहले हर मोहल्ले में फाग-गीत होते थे। टोलियां 50 दिनों तक बैसवारी फाग गायन के लिए तैयारी करती थी। समय के साथ इस परंपरा का अब स्वरूप बदल चुका है। फाग गीतों का सिलसिला गीत- संगीत के साथ शहर में अभी भी कई संस्थाएं निभा रही हैं।

भिलाई। होली के त्यौहार से रंगपंचमी तक ग्रामीण जन प्रेम व भाईचारा में सराबोर हो जाते है। भले ही आज के डिजीटल युग में लोगो के पास समय नही है, लेकिन आज भी गांव में पारंपरिक पर्व को संजोकर आने वाली पीढ़ी को तैयार कर रहे है। मान्यता है, कि रंग पंचमी के दिन राधा कृष्ण ने होली खेली इसलिए गांव में वृंदावन व मथुरा की छवि बनाने युवाओं के साथ मिलकर फाग उत्सव कराते है। ग्रामीण अंचल में बैसवारी फाग-गायन के लिए टोलियां हैं तो शहर में भी इससे जुड़े आयोजनों की तैयारी है। फागुन उत्सव की कड़ी में सामाजिक संस्थाएं और म्यूजिकल ग्रुप ही नहीं, फाग गायन से जुड़े ग्रुप फाग गायकी का रंग अभी चढ़ा रहे हैं। पुराने फाग गायकों ने बताया, समय के साथ कई बदलाव हुए, लेकिन ग्रामीण अंचल में यह परंपराएं अभी भी निभाई जा रही हैं। 13 को होलिका दहन और 14 को होली खेली जाएगी।

बसंत पंचमी के दिन माता सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ ही संपूर्ण छत्तीसगढ़ में नंगाड़ों की टिनटिन-गदगद की मधुर ध्वनि गूंजने लगती है। डोंगरगढ़ नगाड़ा वादकों और नंगाड़ा बनाने वालों का गढ़ स्थल है। वहां चर्मकार समुदाय के लोग रविदास नगर में काफी संख्या में निवास करते हैं, जो अपने पुश्तैनी रोजगार अर्थात ढोलक, मांदार सहित अन्य चमड़े मढ़े हुए वाद्यों को बनाने में काफी कुशल हैं। ये पीढ़ी-दर-पीढ़ी नंगाड़ा बनाने की कला को आगे बढ़ाने और छत्तीसगढ़ के लोक वाद्य निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभा रहे हैं।

### ढोल नगाड़ों की थाप हुई कम, लोक कलाकार निभा रहे है परंपरा, मनाएंगे फाग उत्सव



### पुस्तैनी धंधे को बढ़ा रहे आगे, सभी दे साथ

भिलाई पावर हाउस सहित दुर्ग ,कोरबा, गंडई, बिलासपुर, नागपुर, रायपुर, डोंगरगढ़, अमुरकसा, साल्हेकसा, कवर्धा, भाटापारा, राजनांदगांव, रतनपुर, बेमेतरा, रायगढ़, टाटानगर आदि में उनके परिवार के लोग अपने बाल बच्चों के साथ 50 वर्षों से नगाड़ा लेकर आते हैं। होली त्यौहार के एक हफ्ते पहले से परिवार सहित आकर लोगों को नगाड़ा के विभिन्न तालों की जानकारी भी देते हैं। ये बड़ी लगन के साथ अपनी पुस्तैनी धंधा के साथ ही छत्तीसगढ़ की लोक कला परंपरा को निरंतरता प्रदान करने में अपनी अहम भूमिका निभाते हैं।

### नगाड़ों से आ जाता है फाग गीतों में रंग

लोक संस्कृति और जनजाति शोधार्थी राम कुमार वर्मा ने राजेश मालेकर, राजू मालेकर, उर्मिला, दसरी बाई रविदास नगर डोंगरगढ़ वाले से बात कर जानकारी देते हुए बताया कि उनके पिता स्व.नंद लाल मालेकर नामी नगाड़ा वादक और बनाने वाले थे। ये बताते हैं कि उनके बनाए नंगाड़ों से फाग गीतों में रंग आ जाता था यानी उनके छाए गए नंगाडों में सुमधुर ध्वनि उत्पन्न होती थी। नगाड़ा जोड़ी में दो भाग होता है पहले 'टीन्न' जिसे 'तारी'। यह पतली चमड़ी और दूसरा 'गद्द' होता है, जो मोटे चमड़े से बनाया जाता है। इनको बनाने और मिट्टी की पकी हांडियों जो कुम्हारों से खरीदतें है। इसमें चमड़ा मढ़ने में इन्हें बेहद कुशलता प्राप्त है। चमड़े को अच्छी तरह से पकाने की विधि भी ये जानते हैं। अंचल के चौक-चौराहों के एक किनारे में एक सप्ताह पहले से आकर पुराने कपड़े का तंबू बना कर रहते। नंगाडा आदि बेचकर छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति को समृद्ध करने में योगदान करते। तब से आज तक इस समुदाय के लोगों द्वारा पारिवारिक रुप से नगाड़ा बनाने और फागुन माह में होलिका दहन के लगभग एक पखवाड़ा या सप्ताह भर पहले अलग-अलग जगह जाकर नगाड़ा बेचने का कार्य किया जाता है।

### बड़ों के साथ बच्चों के लिए भी छोटे नगाड़े

राम कुमार ने भिलाई नगरवासियों से अपील करते हुए कहा कि इस वर्ष के फाग में सभी घरों में एक जोड़ी नगाड़ा अवश्य खरीदें। इनके द्वारा भले ही वर्ष भर नंगाड़े को बनाने का कार्य किया जाता है पर फागुन मास में ही ये ग्रामीणों, वादकों और नगरीय उत्सवों को ध्यान में रखते हुए 2500 से लेकर 1500 रुपए तक तथा छोटे बच्चों के लिए 100-150 के अंतर्गत नगाड़ा की जोड़ी बेचते हैं। ताकि सभी लोग आसानी से उसे खरीद सकें। इससे बड़े व युवाओं द्वारा ग्राम स्तर पर फाग का रंग जमेगा। वहीं छोटे बच्चों के लिए छोटे-छोटे आकार के नगाड़े भी ये कारीगर लेकर आते हैं, जो वर्ष भर मेहनत करके बनाते हैं। यह बच्चों के प्रति प्रेम और उनकी चंचलता को फाग के अवसर पर सही दिशा देने का काम करता है।

आजकल के बच्चे मोबाइल की दुनिया से हटकर नंगाड़ों की दुनिया में प्रवेश करेंगे, तो उनके हाथ सधेंगे और लोक वाद्यों के वादन की परंपरा भी निरंतर बढ़ेगी।

## आईडीए महिला विंग के होली सेलिब्रेशन में दिखी अनेकता में एकता

**भिलाई।** इंडियन डेंटल एसोसिएशन दुर्ग-भिलाई की महिला डॉक्टर्स द्वारा होली मिलन और महिला दिवस का आयोजन कर अनेकता में एकता का संदेश दिया। रिसाली में आयोजित होली सेलिब्रेशन में फूलों की होली खेलकर महिला सशक्तिकरण पर अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम की शुरुआत में आईडीए की अध्यक्ष डॉ. फ़ातिमा खान ने दांतों की झनझनाहट, उसके दुष्परिणाम और संबंधित उपचार के संदर्भ में व्याख्यान दिया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता आरोग्यम् हॉस्पिटल की डायटीशियन डॉ. रिचा जैन द्वारा पोषण और आहार की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के विषय अनेकता में एकता पर आईडीए सचिव डॉ. शाहीन हमदानी ने अपने विचार व्यक्त किये। इसी विषय के आधार पर सभी महिला डॉक्टर्स ने विभिन्न प्रांतो की वेशभूषा धारण कर रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का समापन विभिन्न गेम्स और हाउजी खेलकर केक कटिंग द्वारा किया गया। अंत में फूलों की होली भी खेली गई । मंच संचालन डॉ. स्मिता श्रीवास्तव, डॉ.दीक्षाली इंदुरकर ने किया। कार्यक्रम में डॉ.दीप्ति राठौर, डॉ. साइली कुरैशी, डॉ. सविता कब्डवाल, डॉ. मीनल साटकर साहू सहित फार्मा कंपनी रेड्डीस लैबोरेट्रीज के मेंबर उपस्थित थे।





## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर डॉक्टर हुए सम्मानित

**उतई ।** महिमा हॉस्पिटल उतई में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया है। इस कार्यक्रम की शुभारंभ संचालक डॉक्टर टी.आर. कुसुम यादव द्वारा किया। इस कार्यक्रम में डॉक्टर मोनी दीपाशाह स्त्री रोग विशेषज्ञ,डॉक्टर भुनेश्वरी देवांगन चर्म रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर लता देवांगन रेडियोलॉजिस्ट, डॉ संभवी फिजियोथैरेपिस्ट

स्टाफ नर्स चंपेश्वरी साहू, महेश्वरी साहू, वर्षा वर्मा, किरण धनकर, कमलेश्वरी यादव, दिव्या साहू, प्रियंका, सपना यादव, नेहा नारंग, चंचल साहू ,शिवानी मंडल, मंजू, कम्लेश्वरी यादव,पायल साहू, रेणुका चंद्राकर, बेन कुमारी यादव, वर्षा जंघेल, नेहा चौधरी, प्रिया धनकर , नीता देवांगन, सत्यायादव रमा वर्मा , चमेली साहू उपस्थित थे।



## महिला दिवस पर डॉ अंबेडकर सांस्कृतिक भवन सेक्टर 6 में हुआ आयोजन

# बौद्ध महासभा और तथागत महिला समिति के पदाधिकारियों ने ली शपथ, सलिता सहित पांच उत्कृष्ट महिलाएं सम्मानित

**कार्नर न्यूज**

भारतीय बौद्ध महासभा पंजीयन क्रमांक 1119 महिला प्रकोष्ठ और तथागत महिला समिति भिलाई के संयुक्त तत्वावधान में महिला दिवस के अवसर पर शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन डॉ अंबेडकर संस्कृतिक भवन सेक्टर 6 में आयोजित किया गया था। शपथ ग्रहण के बाद समाज की पांच उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित कर अन्य प्रतिभावान महिलाओं का भी सम्मान किया। इस दौरान महिलाओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम और क्विज प्रतियोगिता भी आयोजित की गई थी।





**भिलाई।** कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लता युगल किशोर उर्वशा संयुक्त कलेक्टर जिला दुर्ग थी। विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक 7 वीं बटालियन प्रज्ञा मेश्राम, नागरत्न गणवीर प्रोफेसर शासकीय कॉलेज रिसाली, प्रेरणा ढाबर्डे मिसेस यूनिवर्स और अतिथि शीला बोरकर पूर्व अनुभाग अधिकारी भिलाई इस्पात संयंत्र, मीना नारनवरे सेवानिवृत्ति कार्यालय अधीक्षक मुख्यालय रायपुर, अलका खोबरागड़े पूर्व अध्यक्ष भारतीय बौद्ध महासभा 1119 कार्यक्रम में उपस्थित थी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय बौद्ध महासभा की अध्यक्ष सविता मेश्राम और प्रस्तावक तथागत महिला समिति की अध्यक्ष कल्पना गजभिये थी। अतिथियों ने तथागत भगवान गौतम बुद्ध, डॉ बाबासाहेब अंबेडकर, सावित्रीबाई फुले एवं माता रमाई के छायाचित्र पर पुष्प अर्जित कर पूजा वंदना की। इस दौरान तथागत महिला समिति की मनोनीत अध्यक्ष कल्पना गजभिये, महासचिव डॉ सोनीका बोधी एवं कोषाध्यक्ष रीना मडॉमें सहित सभी 22 पदाधिकारियों को लता युगल किशोर उर्वशा ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण को संचालित करने में महासचिव धनंजय मेश्राम ने योगदान दिया।

### स्व रोजगार के लिए किया प्रोत्साहित

इस दौरान लता युगल किशोर उर्वशा ने सभी महिलाओं को अपने संबोधन में आत्मनिर्भर होने एवं समाज में सामाजिक कार्य करने सहित धम्म के कार्यों में भाग लेने का आह्वान किया। प्रज्ञा मेश्राम ने महिलाओं को स्व रोजगार के लिए प्रेरित किया एवं आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी। सभी अतिथियों ने अपने उद्बोधन में महिलाओं के कल्याण एवं विकास के लिए प्रेरित करने अपने विचार प्रकट किए। सभागार में उपस्थित 300 महिलाएं भारतीय परिधान लाल साड़ियों में उपस्थित थी। कार्यक्रम में महिलाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। जिसमें डांस, गायन, सामूहिक नृत्य विभिन्न तरह की अपनी कलाओं को प्रदर्शित किया। इस दौरान रोचक एवं ज्ञान वर्धक बनाने के लिए तात्कालिक क्विज़ प्रतियोगिता भी करवाई गई।

सिटी इवेंट

## कार्यस्थल में दयालुता व समानता को बढ़ावा देने वूमेन सेल का आयोजन



**भिलाई।** सेंट थॉमस कॉलेज भिलाई में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। यह कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज के विमेंस सेल और पी.जी. अंग्रेजी विभाग द्वारा किया गया, जिसका उद्देश्य कार्यस्थल में दयालुता का संबंध और समानता को बढ़ावा देना था। इस आयोजन के माध्यम से सदस्यों में कोमलता, सहानुभूति और करुणा विकसित करने और समाज में उनके योगदान को पहचानने पर जोर दिया गया। इस उत्सव की शुरुआत काइंडनेस चेन इनिशिएटिव से की गई। जहां संकाय सदस्यों ने अपनी रचनात्मक अभिव्यक्तियों को दीवार पर प्रदर्शित किया। एक-दूसरे के साथ उपहार और आभार स्वरूप स्मृति चिह्नों का आदान-प्रदान किया और अपने दैनिक जीवन में दयालुता और संवेदनशीलता अपनाने की शपथ ली। इस अवसर पर कॉलेज के प्रशासक रेवरेंड फादर डॉ पीएस वर्गीस और प्राचार्य डॉ एम जी रोईमोन ने छात्रों और समिति के सदस्यों को सार्थक और सकारात्मक कार्यक्रम के लिए बधाई दी।

■ काइंडनेस चेन इनिशिएटिव से हुई शुरुआत

सिटी लाइव

## सामग्री प्रबंधन ने धूमधाम से मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस



**भिलाई।** बीएसपी के सामग्री प्रबंधन विभाग द्वारा महिला दिवस का आयोजन कविता मिश्रा के मुख्य आतिथ्य में किया गया। विशिष्ट अतिथि पूर्व सीजीएम सुष्मिता डे तथा अतिथि वक्ता जेएलएन अस्पताल की डां. निशा ठाकुर थीं। ईडी एके चक्रवर्ती, सीजीएम पी सुब्बाराव, के सी मिश्रा व एके मिश्रा विशेष रूप से उपस्थित थे। कविता मिश्रा ने कहा कि सही मार्गदर्शन मिलने पर महिलाएं समाज में महत्वपूर्ण बदलाव ला सकती हैं। श्रीमती डे ने महिलाओं की रचनात्मकता और उनकी क्षमताओं पर प्रकाश डाला। श्रीमती ठाकुर ने महिला स्वास्थ्य पर उपयोगी जानकारी साझा की। श्री चक्रवर्ती ने कहा कि किसी भी समाज का वास्तविक विकास तभी संभव है । श्रेया सेनगुप्ता जैन व प्रभा नायर द्वारा क्विज हुआ। कार्यक्रम में डां. प्रीति भटनागर तथा एजीएम मंजू शुक्ला सहित चिकित्सक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डीजीएम यामिनी ताम्रकार ने किया।

सिटी इवेंट

## भिलाई इस्पात संयंत्र ने महिला ठेका श्रमिकों का बढ़ाया हौसला



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा संयंत्र में कार्यरत महिला ठेका श्रमिकों के लिए अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन मानव संसाधन विकास केन्द्र में कार्यपालक निदेशक पवन कुमार के मुख्य आतिथ्य में किया गया। उद्देश्य महिलाओं के कौशल और समर्पण को सम्मानित करना तथा महिलाओं को सश क्त बनने प्रोत्साहित करना और उत्थान के लिए प्रयास करना था। कार्यक्रम में 120 महिला ठेका श्रमिकों ने भाग लेकर अपने विचारों की अभिव्यक्ति दी। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक प्रभार तुषार कांत, मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर तथा महाप्रबंधक सूरज कुमार सोनी विशेष अतिथि थे। विभागीय अधिकारी सहित कर्मचारियों ने भी भाग लिया। मुख्य अतिथि ने कहा कि आप में सक्षम हैं और किसी से अपनी तुलना करने की आवश्यकता नहीं है। महिलाएं हमारे समाज का अभिन्न अंग हैं, हर क्षेत्र में महिलाओं ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है तथा अपनी प्रतिभा और मेहनत से एक अलग पहचान बनाई है। उन्होंने सभी महिलाओं को कार्यस्थल पर सुरक्षित कार्य पद्धति अपनाकर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में कार्यस्थल पर सुरक्षा पर के्द्रिरत सत्र का आयोजन महाप्रबंधक पुष्पा एम्ब्रोस द्वारा किया गया। पुष्पा एम्ब्रोस ने महिला श्रमिकों को सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से कार्यस्थल पर सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। इसके उपरांत, महिला श्रमिकों हेतु विभिन्न रोचक गेम्स और मनोरंजक क्विज का आयोजन किया गया, जिसके विजेताओं को आकर्षक उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सहायक महाप्रबंधक अपर्णा चंद्रा, वरिष्ठ प्रबंधक प्रियंका मीना और उप प्रबंधक शालिनी चौरसिया द्वारा किया गया। महिला ठेका श्रमिकों ने इस आयोजन हेतु संयंत्र प्रबंधन का आभार व्यक्त किया और इसे एक प्रेरणादायी अनुभव बताया, जहां उनके कार्यस्थल पर उनके योगदान को सम्मानित किया गया। महिला ठेका श्रमिकों ने बड़ी संख्या में भागीदारी देकर कार्यक्रम की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

● मां दुर्गा स्वसहायता समूह जुनवानी खुशी के रंग बिखेरने के साथ हो रहा स्वावलंबी

# होलिया में उड़े रे गुलाल खेलो जी सब मिलजुल के


**विमल शंकर झा/भिलाई।** देश में जब सियासतमंद अपने वोट बैंक के लिए नफरती जहर घोलने में जुटे हैं, इस्पात नगरी की नारी शक्ति अपने अनूठे और स्वावलंबी और साझा सामाजिक कौशल से रंगोत्सव पर सांप्रदायिक सदभाव का संदेश दे रही है। उनकी प्रतिभा और परिश्रम से तैयार खूबसूरत गुलों के सतरंगी अबीर की रंगत में सेहत की चटक ही नहीं,बल्कि तासीर में भी छत्तीसगढ़ की माटी की खुशबू और स्वावलंबन का आकर्षण है। और साझा मशक्कत से तैयार यह गुलाल खिलंदड़ होलियारों के लिए राधा कृष्ण के बरसाने की तरह आध्यात्मिक मस्ती से सराबोर होगा- होलिया में उड़े रे गुलाल खेलो रे मिल जी भरके ...।

होली के सुरुर में मगरुर रंगों की दुनिया में गुलाल का अपना एक अलग ही मजा होता है। फिर यदि गालों में मला जाने वाला यह अबीर तरह तरह के फूलों की खुशबू से तर हो और इसे तैयार करने वालों को हमारे स्वास्थ्य की भी फिक्र हो तो खुशी सोने में सोहागा वाली होती है। होली के लिए जुनवानी भिलाई की जरुरतमंद और प्रतिभावान महिलाओं ने आम लोगों के लिए अल्हदा और मोहक इंद्रधनुषी गुलाल तैयार किया है। मां दुर्गा महिला स्वसहायता समूह जुनवानी स्मृति नगर द्वारा पिछले चार साल से हर साल रंगोत्सव के लिए फूलों से तैयार रंग रंग के यह खास अबीर चित्ताकर्षक और खुशबूदार ही नहीं वरन आर्गेनिक और हाईजीनिक भी हैं। इसकी सबसे बड़ी खासियत महिलाओं द्वारा मशीन के बिना अपने हाथों से ( मैनअली ) से तैयार किया जाना है, जिसे वे प्रकृतिप्रेमियों को बेचकर स्वावलंबन का सबक सीख रही हैं। सभी को इस बात का सुकून है कि वे आत्मनिर्भर होने की चाह के साथ सांप्रदायिक सद्भाव का पैगाम भी दे रही हैं। सभी प्रदेश शासन की दीनदयाल अंत्योदय राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन नगर निगम भिलाई के तहत महिला स्वसहयता समूहों को मजबूत बनाने की इस पहल को सराहनीय बताते हुए और अधिक संसाधन और आर्थिक इमदाद उपलब्ध कराने की चाह रखती हैं। मां दुर्गा स्वसहायता समूह की अध्यक्ष डां. विभा सिंह बताती हैं कि ग्रुप की जरुरतमंद महिलाओं द्वारा विभिन्न फूलों व चुकंदर से तैयार हमारा अबीर आर्गेनिक होने से स्वास्थ्य के लिए नुकसानदेह नहीं है। इन्हें बेचकर प्राफिट कम होने के बाद भी ये महिलाएं अपना परिवार चलाने में भी सहयोग कर रही हैं। सदस्य भानवती साहू बताती हैं कि मिशन हमें हर्बल गुलाल बनाने में बढ़ावा दे रहा, लेकिन अधिक प्रोत्साहन मिले तो जल्दी आगे बढ़ेंगे।











### प्रतिभावान महिलाओं ने साझा प्रयास से बनाया फूलों से आर्गेनिक अबीर





मां दुर्गा स्वसहायता समूह द्वारा विभिन्न फूलों से तैयार आकर्षक व सेहत के लिए फायदेमंद और आकर्षक गुलाल बनाने का काम श्रमसाध्य और मैनुअली होने से खर्चीला भी है। समूह की कौशल्या चतुर्वेदी बताती हैं कि स्मृतिनगर स्थित हमारी अध्यक्ष श्रीमती सिंह के निवास के वर्कशाप में आर्गेनिक गुलाल को तैयार करने गुलाब, गेंदे, टेंसू आदि फूलों के साथ चुकंदर,हल्दी, नीम के पत्ते, हरा धनिया आदि का उपयोग किया जाता है। गुलाब, गेंदे शिर्डी मंदिर से.6 आदि से संग्रहित करते हैं। फूलों के चूरे को सुखाकर इसमें सुगंध के लिए ऐरोमा आयल और हाईजीनिक बनाने अरारोट का उपयोग करते हैं। बकौल मुस्कान यादव फूलों के चूरे को सुखाने के बाद तैयार हरे, पीले, गुलाबी, आरेंज और गाजरी रंगों के अबीर की पैकेजिंग और तौलने तक का यह पूरा काम हम हाथों से ही करते हैं। करीब 2 हजार पैकेट तैयार किये जाते हैं। फिर इन्हें कालेज, स्कूल,सियान सदन व नगर निगम कार्यालयों आदि में बेचने जाते हैं। काम मेहनती व खर्चीला है, सो हमें अच्छी मार्केटिंग व संसाधन में मदद से अधिक फायदा होगा। ग्रुप की सोनम साहू, कीर्ति यादव, रेखा यादव व लक्ष्मी तांडी बताती हैं कि हमें खुशी है कि हमारे मोहक व गुणवत्तायुक्त अबीर से सदभाव के संदेश के साथ लोगों को होली पर स्वास्थ्य की चिंता नहीं सताएगी।

### सुंदर व आर्गेनिक है गुलाल : डॉ. विभा



मां दुर्गा स्वसहायता समूह की अध्यक्ष अधिवक्ता डां. विभा सिंह बताती हैं कि हर साल होली के लिए हमारे ग्रुप के मैनुअली फूलों से तैयार अबीर सुंदर सुगंधित होने के साथ आर्गेनिक, स्किन फ्रेंडली और कार्बन फ्री होता है। इसे बेचकर महिलाएं घर में हाथ बंटा रही हैं। मिशन का सहयोग अच्छा है लेकिन यह काम मैनुअली होने से कुछ खर्चीला है। मार्केटिंग में निगम मदद करे और लोभान (धूप) आदि हवन सामग्री बनाने के लिए भी मशीन सुलभ हो तो समूह की महिलाओं को स्थाई स्वरोजगार मिलेगा।

### स्वावलंबन के लिए दे रहे बढ़ावा: एकता शर्मा



दीनदयाल अंत्योदय राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन नगर निगम भिलाई की मैनेजर एकता शर्मा बताती हैं कि मिशन द्वारा आर्थिक रुप से कमजोर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास के लिए यहां वमहिला स्वसहायता समूहों को लगातार प्रोत्साहित किया जा रहा है। सामूहिक रुप से महिलाएं उपयोगी सामग्री बनाकर स्वरोजगार के जरिए अपने घर परिवार में आर्थिक रुप से मददगार बन रही हैं। महिलाओं को स्टाल आदि लगाने के साथ अपनी रुचि व भागीदारी बढ़ाने की जरुरत है। सह प्रबंधक नलिनी तनेजा बताती हैं कि मिशन के प्रयास से महिलाओं को स्किल्ड के साथ आत्मनिर्भर भी बनाया जा रहा है।

सांस्कृतिक आयोजन

## रामकथा के विभिन्न प्रसंगों का किया काव्य पाठ, राम वन गमन नाटक को दर्शकों ने सराहा



**भिलाई।** माता कौशल्या गौरव अभियान का दो दिवसीय सांस्कृतिक एवं वैचारिक कार्यक्रम के समापन का आयोजन ग्राम ढाबा में किया गया। इस दौरान रामकथा का काव्य पाठ भी किया गया। छत्तीसगढ़ शासन संस्कृति विभाग के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में स्वागत भाषण देते हुए डॉ. परदेशीराम वर्मा ने संत कवि पवन दीवान को याद करते हुए बताया कि उनके द्वारा स्थापित इस सांस्कृतिक मंच ने लगातार प्रति वर्ष संस्कृति विभाग के सहयोग से ग्रामीण जनों के बीच कार्यक्रम दिया है। संत पवन दीवान जिन गांवों में भागवत प्रवचन करते हुए जागरण का काम करत रहे उन गांवों में माता कौशल्या का यश गान भी उन्होंने किया। 9 व 10 मार्च को आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की बेटी भगवान श्रीराम की माता कौशल्या के संबंध में मुख्य अतिथि सालिक राम वर्मा ने बताया कि श्रीराम छत्तीसगढ़ के भांजे हैं इसलिए यहां मामा अपने भांजों का चरण स्पर्श करते हैं। कार्यक्रम के अध्यक्ष साहित्यकार कमलेश चन्द्राकर ने काव्य पाठ कर छत्तीसगढ़ महिमा का गायन किया। विशेष अतिथि साहित्यकार बद्रीप्रसाद पारकर ने बताया कि हमारा केंवट समाज रामभक्त ऐसा समाज है जिसने सेवा और भक्ति का पाठ निषादराज से सीखा और आज भी हमारा समाज सेवा का व्रत पालन करता है। मनहरण साहू ने दो दिन की प्रस्तुतियों के लिए माता कौशल्या समिति का तथा संस्कृति विभाग का आभार व्यक्त किया। गांव में डॉ. परदेशीराम वर्मा लिखित राम वन गमन नाटक को पुरूषोत्तम चंद्राकर दल ने प्रस्तुत कर समां बांध दिया। जय सितला मानस मंडली कंडरका, जय संतोषी मानस मंडली हुडको भिलाई, माता कौशल्या मानस मंडली लिमतरा के कलाकारों-गायकों का सम्मान राजेन्द्र साहू, दुर्गा टिकरिहा एवं महेश वर्मा ने किया। राम कथा के विविध प्रसंगों पर अशोक साहू बालोद का काव्य पाठ हुआ जिसे श्रोताओं ने बहुत पसंद किया। अशोक आकाश ने छत्तीसगढ़ी और हिन्दी में काव्य गायन की अभिनव प्रस्तुति दी।संत कवि पवन दीवान को नमन करते हुए राजिम के स्वामी चित्रानंद ने दीवान जी की कविताओं का सस्वर पाठ किया।

आयोजन

## महाराष्ट्रीयन तेली समाज एवं संताजी संस्कृतिक मंडल का होली मिलन 16 को



**भिलाई।** महाराष्ट्रीयन तेली समाज एवं संताजी संस्कृतिक मंडल का होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन रविवार को दोपहर 1 बजे आयोजित किया गया है।संताजी संस्कृतिक मंडल महाराष्ट्रीयन तेली समाज भिलाई-दुर्ग की ओर से होली मिलन का कार्यक्रम सामाजिक भवन शांति नगर में आयोजित हो रहा है।कार्यक्रम की जानकारी देते हुए महिला मंडल की अध्यक्ष निशा मलेवार ने बताया कि इस कार्यक्रम में सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा दिया जाएगा। महिला मंडल की विशेष भागीदारी होगी। अध्यक्ष राजेंद्र डोर्ले एवं महासचिव आशीष चिंधालोरे ने जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम में बच्चे, युवा एवं बुजुर्ग भाग लेंगे। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ-साथ अबीर एवं फूलों की सूखी होली खेली जाएगी। युवाओं एवं बच्चों द्वारा बुजुर्गों का सम्मान किया जाएगा। सामाजिक जनप्रतिनिधियों को भी सम्मानित किया जाएगा। आयोजन की जानकारी देते हुए डॉ अजय आर्य ने कहा कि होली मिलन का अर्थ है कि हम मतभेदों को भुला दें और नई शुरुआत करने के लिए तैयार रहें। हमारी मुस्कान ही हमारी सच्ची रंगत है। यह अच्छा दिखने और स्वस्थ रहने के लिए आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान काव्य पाठ एवं कविता का आयोजन किया जाएगा।

### बीएसएनएल चौक भिलाई में होली मिलन समारोह आज

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई की पूर्व पार्षद व भाजपा नेत्री रश्मि सिंह द्वारा बीएसएनएल चौक भिलाई में 13 मार्च को होली मिलन समारोह का आयोजन रखा गया है। होली गुरुवार की सुबह 7 बजे से 11 बजे रहेगा। रश्मि सिंह ने बताया कि रंग गुलाल और फुलो की होली ढोल नगाडे के साथ मनाई जाएगी। इस दौरान होली टी शर्ट का भी वितरण किया जाएगा। सभी के लिए कार्यक्रम के दौरान स्वल्पाहार की भी व्यवस्था की गई है।

213 आजीवन सदस्य बने, वरिष्ठजनों के कार्यों को मिली सराहना

कार्नर न्यूज

# पेंशनर्स महासंघ के सम्मान समारोह में बीके वर्मा हुए सम्मानित, जिले में बनाये सर्वाधिक आजीवन सदस्य

**भिलाई।** भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ जिला दुर्ग द्वारा सम्मान कार्यक्रम शिक्षा विभाग के सभा कक्ष में आयोजित किया गया था। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष ने देश के किसी एक जिले में सर्वाधिक 213 आजीवन सदस्य बनाने के लिए दुर्ग के सभी सदस्यों को बधाई दी। आर एल ठाकुर ने जिला इकाई अध्यक्ष बी के वर्मा की कार्य क्षमता की सराहना करते हुए 67 वर्ष की आयु में भी इतनी सक्रियता के लिए बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सी एच सुरेश चंद्रगिरी मुख्य अतिथि, प्रांतीय अध्यक्ष वीरेंद्र नामदेव अध्यक्ष, अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा विशेष अतिथि तथा आर एल ठाकुर संयुक संचालक शिक्षा विशेष अतिथि के तौर पर उपस्थित थे। विधायक कोर्सेवाड़ा ने पेंशनर्स की किसी भी समस्या के समाधान के लिए शासन स्तर पर चर्चा के लिए जब भी उनकी आवश्यकता हो हमेशा उपलब्ध रहने की बात कही। उन्होंने संगठन के लिए पेंशनर भवन की आवश्यकता पर चर्चा करते हुए पदाधिकारियों से स्थल चयन करने तथा भवन स्वीकृति के लिए पहल का आश्वासन दिया।




### वरिष्ठ जनों को जोड़ने की क्षमता की प्रशंसा की



कार्यक्रम के अध्यक्ष वीरेंद्र नामदेव ने जिला इकाई अध्यक्ष बी के वर्मा की कार्यशैली को अदभुत बताया तथा वरिष्ठ जनों को जोड़ने की क्षमता की प्रशंसा की। बी के वर्मा को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाए जाने पर जिला इकाई द्वारा उनका सम्मान किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष सी एच सुरेश चंद्रगिरी ने वर्मा की कार्यशैली को देखते हुए झारखण्ड का प्रभारी बनाया तथा दुर्ग जिले की भांति वहां भी भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ का कार्य शुरू कर अग्रिम पंक्ति में लाने के लिए शुभ कामनाएं दीं। सम्मान समारोह में स्वागत भाषण डॉ कोमल सिंह सार्वा ने दिया, अभिनन्दन पत्र वाचन पी आर साहू ने किया तथा कार्यक्रम का संचालन बी के शर्मा और पी आर साहू ने किया। समारोह के दौरान महासंघ की आजीवन सदस्यता ग्रहण करने वाले 24 पेंशनरों का राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा प्रदेश अध्यक्ष ने पुष्प माला तथा श्रीफल से सम्मान करते हुए संघ का बैज लगाकर स्वागत किया।

### विभिन्न जिलों से की शिरकत

समारोह में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष द्रौपदी यादव, प्रांतीय महामंत्री अनिल गोलहानी, कोषाध्यक्ष पी एस दसमेर, बिलासपुर संभागीय अध्यक्ष कुन्ती राणा, जिला इकाई अध्यक्ष राकेश कुमार जैन, हरजीत सिंह,रायपुर जिला इकाई अध्यक्ष राम गोपाल बोहरे, ,अनिल पाठक, यशवंत राम साहू, आर के श्रीवास्तव, जयंत मिश्रा, कृष्ण कुमार वर्मा के अलावा जिले से भूषण लाल वर्मा, एच एस वर्मा, जगमोहन सिन्हा, आर डी साहू, एन के देशमुख, आर के भटनागर, शीतल प्रसाद साहू, बी के मढ़रिया, एन पी मेहता, घनश्याम सिंह सोनी, अजय मिश्रा, महेश चंद्र, बी के देशमुख, के के आडिल, रमन मूर्ति, एम एल साहू, सालिक वर्मा, विजय देशमुख, रमा मढ़रिया, पुष्पा साव, कौशल्या खापर्डे आदि बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित थे।

सिटी स्पोर्ट्स

## बस्तर ओलम्पिक के विजेता खिलाड़ियों को आवासीय खेल अकादमी में मिलेगा सीधा प्रवेश



**रायपुर।** बस्तर ओलम्पिक में संभाग स्तर पर विजेता खिलाड़ियों को खेल विभाग द्वारा संचालित आवासीय खेल अकादमियों में सीधा प्रवेश दिया जाएगा। संचालक खेल एवं युवा कल्याण तनुजा सलाम ने बताया कि उन विजेता खिलाड़ियों को चयन ट्रायल से छूट दी जाएगी। खेल एवं युवा कल्याण विभाग एवं गृह (पुलिस) विभाग के संयुक्त पहल पर बस्तर ओलम्पिक, 2024 का ऐतिहासिक और भव्य आयोजन दिसम्बर, 2024 में सम्पन्न हुआ था। संचालनालय, खेल एवं युवा कल्याण के द्वारा बस्तर ओलम्पिक में 14 से 17 वर्ष आयुवर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विजेता खिलाड़ियों को खेल अकादमियों में प्रवेश देने संबंधी आदेश आज 12 मार्च को जारी कर दिया है। इन अकादमियों में खिलाड़ियों को निःशुल्क आवास, भोजन, शिक्षण, खेल परिधान, आधुनिक खेल प्रशिक्षण, खेल उपकरणों की सुविधाएं एवं खेलवृत्ति प्रदान की जाएगी। बस्तर संभाग के सभी जिले के खेल अधिकारियों को सभी खिलाड़ियों से सहमति पत्र एवं एडमिशन संबंधी दस्तावेज लेकर 31 मार्च तक संचालनालय में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही साथ बस्तर ओलम्पिक में जूनियर वर्ग एवं सीनियर वर्ग में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेता खिलाड़ियों के लिए खेलवृत्ति की राशि रू. 30 लाख 11 हजार 400 बस्तर संभाग के जिलों बस्तर, बीजापुर, दंतेवाड़ा, कांकेर, कोण्डागांव, नारायणपुर एवं सुकमा को आबंटित कर दिया गया है। सभी जिला खेल अधिकारियों को संबंधित खिलाड़ियों के बैंक खाते में सीधे डी.बी.टी. के माध्यम से तत्काल जारी करने के निर्देश दिए गए हैं।

## किक बॉक्सिंग वर्ल्ड कप इटली में आकाश बने उपविजेता, जीता रजत पदक



**रायपुर।** प्रतिभावान खिलाड़ी आकाश गुरुदीवान ने किक बॉक्सिंग वर्ल्ड कप में भारत के लिए सिल्वर किक लगाकर विदेशी धरती पर कोरबा और छत्तीसगढ़ को एक बार फिर गौरवान्वित किया है। सीनियर वर्ग में फाइनल तक पहुंचे के फाइटर आकाश ने वेनिस जेसेलो इटली में हुए रोमांचक व अंतिम मुकाबले में कजाकिस्तान के अपने प्रतिस्पर्धी खिलाड़ी के समक्ष कठिन चुनौती पेश की। उन्होंने इस अंतर्राष्ट्रीय रिंग में सिल्वर मेडल जीता और उपविजेता का खिताब अपने नाम कर लिया। अंतराष्ट्रीय ओलंपिक कमेटी से सम्बद्ध किकबॉक्सिंग खेल की अंतराष्ट्रीय इकाई वर्ल्ड एसोसिएशन ऑफ किकबॉक्सिंग आर्गेनाइजेशन (वाको) एवं इटालियन किकबॉक्सिंग फेडरेशन के तत्वाधान में जेसेलो इटली में 5 से 10 मार्च तक वर्ल्ड कप का आयोजन किया गया। स्पर्धा में दुनिया भर के विभिन्न देशों एवं क्लबों की 418 टीमों से कुल 2693 खिलाड़ी पहुंचे थे। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में मंत्रालय युवा मामले एवं खेल भारत सरकार से मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय संस्था वाको इंडिया किकबॉक्सिंग फेडरेशन का 9 सदस्यीय दल ने भारतीय किकबॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष संतोष कुमार अग्रवाल एवं भारतीय टीम के प्रशिक्षक तारकेश मिश्रा के नेतृत्व में विभिन्न वजन वर्ग में भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। भारतीय दल पदक जीतने के पश्चात वापसी के लिए उड़ान भर चुका है। फाइनल में रैंकिंग में विश्व के नंबर-8 खिलाड़ी साफरोव फजलिद्दीन से भिड़े थे। आकाश से छत्तीसगढ़ के होनहार किक बॉक्सिंग खिलाड़ी आकाश गुरुदिवान ने क्वालिफिकेशन के आधार पर फाइनल में स्थान बनाथा, जिसमें उनका मुकाबला 91 किग्रा वजन वर्ग फुल कांटेक्ट इवेंट में कजाकिस्तान के खिलाड़ी साफरोव फजलिद्दीन से हुआ।

## शिवानी को ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी वुडबॉल चैम्पियनशिप में गोल्ड मेडल



**रायपुर।** ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी वुडबॉल चैम्पियनशिप मेन एंड वुमन की टूर्नामेंट गुजरात के वडोदरा के पारुल यूनिवर्सिटी में आयोजित किया गया। 7 से 10 मार्च तक आयोजित इस स्पर्धा में अंबिकापुर की शिवानी सोनी ने संत गाहिरा गुरु यूनिवर्सिटी के तरफ़ से वहाँ मिक्स डबल इवेंट में यूनिवर्सिटी का प्रतिनिधित्व किया। जिसमें उन्हें ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी में गोल्ड मेडल जीतने में कामयाबी मिली। शिवानी इस सफलता का श्रेय कोच राजेश प्रताप सिंह, जितेंद्र पटेल व सुदीप मडवाड़कर को देती है।

### आंखों की सुरक्षा आपके लिए सबसे पहले

# होली खेलते समय लापरवाही बढ़ा सकती है दिक्कत अचानक से आंखों में रंग चला जाए उठाए ऐसे कदम

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, होली खेलते समय आंखों की सुरक्षा का ध्यान रखना बहुत जरूरी हो जाता है। सिंथेटिक या केमिकल युक्त रंग आंखों में जलन, लालिमा और गंभीर संक्रमण का कारण बन सकते हैं। आइए जानते हैं कि होली का आनंद लेते समय आंखों का ख्याल कैसे रखा जा सकता है?

होली रंगों और उत्साह का त्योहार है। लजीज पकवान, लोगों से मिलना-जुलना, एक दूसरे को रंग लगाना और प्रेम व्यक्त करना इस पर्व को काफी खास बना देता है। गुझिया-ठंडाई और मस्त पकवान इस त्योहार में चार-चांद लगा देते हैं। हालांकि होली के आनंद और उत्साह के बीच सेहत को लेकर सावधानी बरतते रहना भी बहुत जरूरी है।

होली के दिनों में गड़बड़ खान-पान के कारण ब्लड शुगर बढ़ने का खतरा रहता है, वहीं सिंथेटिक रंग और गुलाल के कारण अस्थमा और सांस की समस्याएं ट्रिगर हो सकती हैं। ऐसे मरीजों को विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, होली खेलते समय आंखों की सुरक्षा का ध्यान रखना भी बहुत जरूरी हो जाता है। सिंथेटिक या केमिकल युक्त रंग आंखों में जलन, लालिमा और गंभीर संक्रमण का कारण बन सकते हैं। अगर होली खेलते समय सावधानी न बरती जाए तो इससे कॉर्नियल इंफेक्शन या यहां तक कि आंखों को स्थायी रूप से



### होली के दौरान आंखों का रखें खास ख्याल

बाजार में मिलने वाले गुलाल में कई बार बारीक पिसा कांच और हानिकारक रसायन हो सकते हैं जिससे त्वचा और आंखों को गंभीर क्षति का जोखिम हो सकता है। अगर आपको सूखे रंग या गुलाल में चमक दिखती है तो यह कांच के पाउडर हो सकता है। इसलिए जरूरी है कि रंग खेलते समय आंखों जैसे शरीर के नाजुक अंगों को सुरक्षित रखने का प्रयास किया जाए।

### क्या कहते हैं नेत्र रोग विशेषज्ञ?




नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ समीर शेख कहते हैं, होली के दौरान और बाद में ओपीडी में आंखों की समस्या के शिकार लोगों के मामले काफी बढ़ जाते हैं। इसलिए सभी लोगों को पहले से ही कुछ बातों पर विशेष ध्यान देते रहना चाहिए।

होली खेलते समय आंखों की सुरक्षा के लिए गॉगल्स या सनग्लास पहनें। इससे आंखों को रंग और गंदे पानी से बचाने में मदद मिल सकती है। इसके अलावा सबसे जरूरी है कि आप सिर्फ ऑर्गेनिक और हर्बल रंगों का इस्तेमाल करें, कैमिकल युक्त रंगों से आंखों में जलन और एलर्जी हो सकती है।

### होली के बाद आंखों में जलन हो तो क्या करें?

अगर होली के बाद आपको जलन या लालिमा महसूस होती है, तो आंखों को आराम देने के लिए ये आसान घरेलू उपचार आजमा सकते हैं। सूजन को कम करने और जलन से राहत पाने के लिए एक साफ कपड़े का उपयोग करके ठंडी सिकाई करें। अपनी आंखों को साफ करने और उन्हें तरोताजा करने के लिए ठंडे गुलाब



जल का उपयोग करें। आंखों के आस-पास ताजा एलोवेरा लगाएं। तुरंत ठंडक और राहत के लिए अपनी बंद पलकों पर ठंडे खीरे के टुकड़े रखें।

### आंखों में रंग चला जाए तो क्या करें?

डॉक्टर कहते हैं, होली खेलते समय कई बार रंग या गुलाल आंखों में जा सकता है, इससे जलन, लालिमा और कई अन्य तरह की दिक्कतें हो सकती हैं। अगर गलती से आंखों में रंग चला जाए तो तुरंत साफ और ठंडे पानी से धो लें। रंग लगे हाथों से आंखों को रगड़ने से बचें इससे इन्फेक्शन हो सकता है। अगर आंखों में जलन हो रही हो तो साफ पानी से आंखों को धोने के बाद गुलाब जल डालें, ये आंखों को ठंडक देता है और जलन कम करता है।





## हर बार फिटनेस गोल्स को पूरा करने में हो जाते हैं फेल तो इन टिप्स की लें मदद

अगर आप खुद के लिए फिटनेस गोल्स सेट करते हैं और उसे पूरा करने में हर बार फेल हो जाते हैं, तो अब आप इन छोटे-छोटे टिप्स की मदद लें।

हम सभी उम्र के किसी भी पड़ाव पर खुद को चुस्त-तंदरुस्त रहना चाहते हैं। अपने शरीर की जरूरतों को समझते हुए हम सभी खुद के लिए कुछ फिटनेस गोल्स सेट करते हैं। लेकिन अधिकतर लोगों की यह शिकायत रहती है कि वे अपने लिए फिटनेस गोल्स तो सेट करते हैं, लेकिन उसे कंप्लीट नहीं कर पाते हैं। ऐसा हम सभी के साथ अक्सर हुआ ही है। हालांकि, जब ऐसा होता है तो मन में काफी निराशा पैदा होती है, पर अगर आप चाहें तो अपने फिटनेस गोल्स को बेहद आसानी से पूरा कर सकते हैं। साथ ही साथ, अपनी जर्नी में कंसिस्टेंट रह सकते हैं।

जी हां, ऐसा बेहद आसान तरीके से किया जा सकता है। फिट रहने के लिए आपको जिम में घंटों बिताने या सिर्फ़ सलाद खाने की ज़रूरत नहीं है। बस कुछ छोटे-छोटे और स्मार्ट बदलाव आपकी जर्नी को काफी आसान बना सकते हैं। भले ही आप अपना वज़न



कम करने की कोशिश कर रहे हों या फिर मसल्स बिल्डअप करने की कोशिश कर रहे हों, ये बदलाव और टिप्स आपके बेहद काम आएंगे और आपको ट्रैक पर बने रहने में मदद करेंगे। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे ही टिप्स के बारे में बता रहे हैं, जो आपको आपके फिटनेस गोल्स को पूरा करने में काफी मददगार साबित हो सकते हैं-

### छोटे और क्लीयर हों गोल्स

अमूमन हम सभी अपने फिटनेस गोल्स को पूरा करने में फेल हो जाते हैं और इसका सबसे मुख्य कारण होता है कि हमारे गोल्स क्लीयर नहीं होते हैं। हम बस खुद से यह प्रॉमिस करते हैं कि हम अपना दस किलो वजन कम करेंगे। लेकिन इसके लिए कोई क्लीयर पाथ नहीं बनाते। इस तरह के अनक्लीयर गोल्स को पूरा करना काफी मुश्किल होता है, क्योंकि कुछ समय बाद ही आप खुद को डिमोटिवेटिड महसूस करने लगते हैं। इसलिए, सबसे पहले खुद के लिए छोटे व क्लीयर गोल्स सेट करें। मसलन, मैं सप्ताह में 4 बार 40 मिनट तक वर्कआउट जरूर करूंगा या फिर पूरा महीना हर दिन बिना रुके 10 पुशअप्स जरूर करूंगा। इस तरह के छोटे गोल्स को पूरा करना काफी आसान होता है और जब हम इन्हें पूरा करते हैं तो इससे मन में एक उत्साह पैदा होता है।

### ऐसे वर्कआउट करें जो आपको पसंद हों

वर्कआउट करने का मतलब सिर्फ जिम जाना और डंबल उठाना ही नहीं है। बल्कि आपको खुद को अधिक एक्टिव रखने की जरूरत है। मसलन, अगर आपको जिम जाना पसंद नहीं है तो ऐसे में आप रनिंग कर सकती हैं या फिर अपने इंटरस्ट को डांसिंग, स्विमिंग या साइकिलिंग आदि कर सकती हैं।

## इस विधि से झटपट तैयार करें गुजिया, हलवाई जैसा आएगा स्वाद



होली का त्योहार हो, और घर में गुजिया न बनें, ऐसा तो हो ही नहीं सकता। गुजिया बनाने में काफी समय लगता है, इसलिए वर्किंग महिलाओं के लिए ये काफी मुश्किल होता है। इसी के चलते हम आपको गुजिया की एक ऐसी विधि बताएंगे, जिसको अपनाने के बाद आप झटपट गुजिया तैयार कर सकती हैं। इस विधि से गुजिया बनाने के लिए आपको ज्यादा मेहनत नहीं करनी पड़ेगी।

गुजिया के लिए 2 कप मैदा, 4 बड़े चम्मच घी.पानी,घी, भरावन के लिए सामान, 1 कप खोया (मावा), कप पिसी हुई चीनी, कप सूखे मेवे (बादाम, काजू, पिस्ता),1 छोटा चम्मच इलायची पाउडर और 2 बड़े चम्मच सूखा नारियल (कद्दूकस किया हुआ) लीजिए।

गुजिया बनाने के लिए आपको सबसे स्टफिंग तैयार करनी है। स्टफिंग तैयार होने के बाद अब बारी आती है मैदा गूंथने की तो इसके लिए मैदा में घी डालकर अच्छे से मिलाएं, जब हाथ में पकड़ें तो हल्का बंधने लगे। थोड़ा-थोड़ा पानी डालकर सख्त गूंथ लें। 20 मिनट के लिए ढककर रख दें। 20 मिनट के बाद मैदे की छोटी-छोटी लोइयां बनाकर बेल लें। इसके ऊपर एक चम्मच स्टफिंग रखें और किनारों पर पानी लगाकर मोड़ दें।

गुजिया को अच्छी तरह बंद करने के लिए सांचे का उपयोग करें। इससे गुजिया की डिजाइन भी प्यारी बनेगी। अब घी को मध्यम आंच पर गरम करें और गुजिया को सुनहरा होने तक तलें। इन्हें ठंडा होने दें और फिर एयरटाइट डिब्बे में स्टोर करें। बस स्वादिष्ट गुजिया कुछ ही देर में तैयार हैं। अपने मेहमानों को ये परोसें और तारीफें बटोरें।

## पूजा का गुलाल किस धातु के बर्तन में रखने से दूर हो सकती हैं परेशानियां

होली के दिन लोग एक-दूसरे को रंग लगाकर और गुलाल लगाकर खुशियां मनाते हैं। होली के दिन, भक्त अपने इष्ट देवताओं को रंग और गुलाल अर्पित करते हैं। यह माना जाता है कि ऐसा करने से देवताओं का आशीर्वाद प्राप्त होता है और घर में सुख-समृद्धि बनी रहती है। राधा-कृष्ण की पूजा का इस दिन विशेष महत्व है।

पूजा के गुलाल को तांबे या पीतल के बर्तन में रखना सबसे शुभ माना जाता है। ये दोनों धातुएं शुद्ध और पवित्र मानी जाती हैं, और इनका उपयोग अक्सर पूजा-पाठ में किया जाता है। तांबा एक शुद्ध धातु है, और यह माना जाता है कि इसमें सकारात्मक ऊर्जा होती है। तांबे के बर्तन का उपयोग अक्सर धार्मिक अनुष्ठानों में किया जाता है, क्योंकि इसे पवित्र माना जाता है।

भगवान कृष्ण और विष्णु जी को पीला गुलाल चढ़ाना शुभ माना जाता है। आप चाहें तो उन्हें पीले रंग के फूल भी अर्पित कर सकते हैं। भगवान गणेश को लाल रंग का गुलाल चढ़ाना चाहिए। आप उन्हें लाल सिंदूर भी अर्पित कर सकते हैं। भगवान शिव को सफेद या नीला गुलाल चढ़ाना चाहिए। आप उन्हें बेलपत्र और धतूरा भी अर्पित कर सकते हैं।

देवी दुर्गा को लाल या गुलाबी गुलाल चढ़ाना चाहिए। आप उन्हें लाल चुनरी और फूल भी अर्पित कर सकते हैं।



भगवान को गुलाल चढ़ाने के लिए, सबसे पहले उन्हें स्नान कराएं और नए वस्त्र पहनाएं। फिर, एक थाली में गुलाल और फूल रखें। भगवान की आरती करें और उन्हें गुलाल अर्पित करें। आप चाहें तो उन्हें मिठाई और फल भी अर्पित कर सकते हैं।





कार्नर न्यूज

### त्यौहार का मौका है अपनों के साथ पल बिताने का

# इन आइडियाज से जीवनसाथी संग होली के त्योहार को बनाएं यादगार, ऐसे मजबूत होगी रिश्तों की डोर

यदि आप इस बार अपने जीवनसाथी के साथ होली को खास और रोमांटिक बनाना चाहते हैं, तो यहां कुछ बेहतरीन आइडियाज दिए गए हैं। होली केवल रंगों का पर्व नहीं है, बल्कि प्रियजनों के साथ खुशियां बांटने और यादगार पल संजोने का मौका भी देता है। होली को यादगार बनाने के लिए किसी बड़े आयोजन की जरूरत नहीं है,बल्कि छोटे-छोटे तरीकों से खुशियां मनाई जा सकती है और एक दूसरे को खास महसूस करा सकते हैं। जिन लोगों की नई शादी हुई है, वह अपने जीवनसाथी के साथ पहली बार होली का पर्व मनाने के लिए उत्साहित होंगे। यदि आप इस बार अपने जीवनसाथी के साथ होली को खास और रोमांटिक बनाना चाहते हैं, तो यहां कुछ बेहतरीन आइडियाज दिए गए हैं।



### होली सरप्राइज प्लान करें

अपने जीवनसाथी को एक खूबसूरत होली गिफ्ट दें, जैसे उनकी पसंदीदा मिठाई, परफ्यूम या कोई पर्सनलाइज्ड गिफ्ट। होली के दिन उनके लिए एक प्यारा सा नोट लिखें, जिसमें आपके दिल की बातें हों। अगर वे संगीत प्रेमी हैं, तो उनके लिए होली स्पेशल प्लेलिस्ट तैयार करें।

### प्यार भरी रंगों की होली

अपने जीवनसाथी को प्राकृतिक गुलाल से रंगें और साथ में हल्के रंगों की होली खेलें। चेहरे पर प्यार भरा गुलाल लगाते समय रोमांटिक अंदाज अपनाएं। पानी की जगह फूलों से होली खेलें, यह अनोखा अनुभव देगा।



### रोमांटिक होली डेट प्लान करें

होली की शाम को एक कैंडल लाइट डिनर का इंतजाम करें। घर की छत या बालकनी में हल्की लाइटिंग और फूलों की सजावट करें।एक साथ पकवान बनाएं और होली स्पेशल डिनर का आनंद लें।

### प्यार भरा होली डांस

होली के गानों पर डांस करें, यह आपके रिश्ते में और नजदीकियां बढ़ाएगा।₹रंग बरसे₹ और ₹बलम पिचकारी₹ जैसे होली के गानों पर डांस करने से मजा दुगुना हो जाएगा। आप दोनों मिलकर डांस का कोई नया स्टेप ट्राय कर सकते हैं।


### एक साथ खास पकवान बनाएं

गुजिया, ठंडाई, मालपुआ और दही भल्ले जैसे पारंपरिक व्यंजन बनाएं। रसोई घर में एक-दूसरे के साथ मजेदार समय बिताएं और खास होली डिश तैयार करें।साथ में बैठकर घर का बना खाना खाने का आनंद लें।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## रेचल जेलगर-गैल गैडोट की 'स्नो व्हाइट' में लोककथा उतारी गई है बड़े परदे पर



डिज्नी की अपकमिंग फिल्म 'स्नो व्हाइट' की दोनों अदाकारों रेचल जेलगर और गैल गैडोट को इसकी रिलीज का बेसब्री से इंतजार है। फिल्म 'स्नो व्हाइट' एक लोककथा है जिस पर वर्षों से एनिमेटेड कॉर्टून, फिल्में बनती रही हैं। जल्द ही एक और फिल्म डिज्नी इस कहानी पर लेकर आ रहा है। इसमें स्नो व्हाइट के रोल में रेचल जेलगर हैं। वहीं गैल गैडोट एक बुरी रानी का रोल कर रही हैं। हाल ही में इस फिल्म की कुछ झलकियां डिज्नी ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर साझा की, जिसमें रेचल जेलगर और गैल गैडोट महिला दिवस की बधाई भी दे रही हैं। डिज्नी द्वारा साझा किए गए वीडियो में रेचल जेलगर और गैल गैडोट महिला दिवस सबसे पहले बधाई देती हैं। साथ ही दोनों एक्ट्रेस उन महिलाओं को सलाम करती हैं जो साहसी हैं, सशक्त हैं। फिल्म 'स्नो व्हाइट' में भी एक आम लड़की स्नो व्हाइट के साहस की कहानी है। फिल्म 'स्नो व्हाइट' की कहानी की बात की जाए तो इसमें अधिक बदलाव नहीं है। बस ट्रीटमेंट थोड़ा सा बदला गया है। फिल्म की कहानी में स्नो व्हाइट की सौतेली मां है, जो दुनिया की सबसे सुंदर औरत बने रहना चाहती है। लेकिन जब उसे पता चलता है कि स्नो व्हाइट सबसे सुंदर है तो उसे मारने का प्रयास करती है। लेकिन स्नो व्हाइट जंगल चली जाती और सात बौनों के साथ रहने लगती है। इसके बाद कहानी में कई मोड़ आते हैं। यह कहानी असल में अच्छाई और बुराई के बीच संघर्ष को दिखाती है। डिज्नी की अपकमिंग फिल्म 'स्नो व्हाइट' 21 मार्च को अंग्रेजी, हिंदी में रिलीज होगी। 'स्नो व्हाइट' की कहानी को पश्चिमी देशों के दर्शक जितना पसंद करते हैं, उतना ही पसंद इसे भारत में भी किया जाता है।

### टॉलीवुड

## 'रॉबिनहुड' देख कर नितिन बोले- जन्मदिन का मेरा सबसे बड़ा गिफ्ट



नितिन और श्रीलीला की फिल्म ₹रॉबिनहुड₹ 28 मार्च को रिलीज होगी। हाल ही में नितिन ने अपनी फिल्म रॉबिनहुड देखी और इस फिल्म को लेकर एक खास भी बताई।इन दिनों अपनी आगामी फिल्म रॉबिनहुड को लेकर लगातार चर्चा में बने हुए हैं। नितिन का जन्मदिन 30 मार्च को है। उनकी फिल्म रॉबिनहुड उनके जन्मदिन से ठीक पहले रिलीज हो रही है। फिल्म रॉबिन ने रॉबिनहुड को लेकर कही खास बात

साउथ अभिनेता नितिन ने हैदराबाद में मीडिया से बात की और कहा, ₹कल मैंने पूरी फिल्म रॉबिनहुड देखी और वेंकी कुदुमुला को गले लगाया। मुझे यकीन है कि यह फिल्म हमारे करियर का एक बड़ा पड़ाव होगी।₹ उन्होंने आगे कहा, ₹मेरा जन्मदिन 30 मार्च को है और यह फिल्म 28 मार्च को रिलीज हो रही है। मुझे लगता है कि यह वेंकी की ओर से मेरा सबसे बड़ा जन्मदिन का गिफ्ट होगा।₹फिल्म में नितिन के अलावा राजेंद्र प्रसाद ने अहम किरदार निभाया है और ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर डेविड वार्नर भी एक छोटे रोल में दिखाई देंगे। फिल्म का संगीत जीवी प्रकाश कुमार ने दिया है। ₹रॉबिनहुड₹ एक एक्शन और कॉमेडी से भरपूर फिल्म होगी, जिसकी रिलीज का प्रशंसक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म का संगीत जीवी प्रकाश कुमार ने दिया है। रॉबिनहुड एक एक्शन-कॉमेडी फिल्म है, जिसका निर्देशन वेंकी कुदुमुला ने किया है। वेंकी इससे पहले ₹भीष्म₹ और ₹चलो₹ जैसी हिट फिल्में बना चुके हैं। हाल ही में फिल्म के निर्माताओं ने केतिका शर्मा के साथ एक खास गाना रिलीज किया, जिसे लोगों का अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। अब फाइनली निर्माताओं के अनुसार, यह फिल्म 28 मार्चको सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। इस फिल्म में साउथ नितिन के साथ साउथ अभिनेत्री श्रीलीला मुख्य भूमिका में नजर आएंगी।

### भोजपुरी

## खेसारी की 'रिश्ते' का नया गाना रिलीज चंद घंटों में बटोर लिए लाखों व्यूज



भोजपुरी सुपरस्टार खेसारी लाल यादव अपने प्रशंसकों को होली का तोहफा दे रहे हैं। इस महीने उनकी फिल्म 'रिश्ते' सिनेमाघरों में रिलीज होगी। उससे पहले इस फिल्म का गाना 'रिश्ते' रिलीज हुआ है। इस गाने ने चंद घंटों में ही लाखों व्यूज बटोर लिए हैं।

यह गाना खेसारी लाल यादव और आकांक्षा पुरी पर फिल्माया गया है। इसे खेसारी ने खुशी कक्कड़ के साथ मिलकर गाया है। गाने के बोल कृष्णा बेदर्दी के हैं। वहीं, प्रेमांशु सिंह इस गाने के राइटर और डायरेक्टर हैं।

खेसारी और आकांक्षा के डांस मूव्स कमाल के हैं। दोनों के बीच केमिस्ट्री भी काफी कमाल की है। गाने पर यूजर्स की अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। यूजर्स लिख रहे हैं, 'यह गाना तो अब होली पर चलेगा'। एक यूजर ने लिखा, 'लग ही नहीं रहा फिल्म का गाना है, ऐसा लग रहा है कि किसी एल्बम का सॉन्ग है'। 'रिश्ते' एक पारिवारिक फिल्म है। खेसारी लाल यादव ने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए गाना रिलीज होने की जानकारी दी है। साथ ही फिल्म की रिलीज डेट भी बताई है। उन्होंने लिखा है, 'फिल्म 'रिश्ते' का नया वीडियो सॉन्ग आ गया है। यह फिल्म 14 मार्च को होली के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### फ्रेंच स्टाइल

मशहूर मॉडल्स ड्रीस वैन नोटेन, स्टेला मेकार्टनी और कार्वेन ने फ्रेंच फैशन स्टाइल की नुमाइश के लिए बड़े आकार के सूट का सहारा लिया है। इसमें नरम किनारों, ढीले पतलून और रेशमी सूट शॉर्ट्स की झलक देख सकते हैं। हालांकि यह फैशन कहीं से भी आउट डेटेड नहीं है लेकिन इन्हें फैशन शो के लिहाज से शायद ही स्वीकार किया जाए। क्योंकि इसे पुराना फैशन माना जाता है। फिर भी पेरिस फैशन वीक के लिए इस तैयारी को बुरा नहीं




## चेहरे पर नींबू का इस्तेमाल कितना सुरक्षित, इस्तेमाल से पहले जान लें

नींबू प्राकृतिक रूप से विटामिन सी और साइट्रिक एसिड से भरपूर होता है, जो चेहरे की चमक बढ़ाने, टैन हटाने और मुंहासे कम करने में मदद करता है। पर, ये काफी नुकसानदायक भी होता है। इसलिए इस्तेमाल से पहले इसके बारे में सब जान लें।


ग्लोइंग त्वचा पाने के लिए आजकल ज्यादातर लोग घरेलू नुस्खों पर भरोसा करते हैं। कई बड़े सिलेब्स भी लोगों को घरेलू नुस्खे इस्तेमाल करने की सलाह देते हैं। इन्हीं नुस्खों में शामिल है त्वचा पर नींबू का इस्तेमाल करना। नींबू त्वचा के लिए फायदेमंद है लेकिन सावधानी से इस्तेमाल करना जरूरी है।

नींबू प्राकृतिक रूप से विटामिन सी और साइट्रिक एसिड से भरपूर होता है, जो चेहरे की चमक बढ़ाने, टैन हटाने और मुंहासे कम करने में मदद करता है। लेकिन क्या इसे सीधे त्वचा पर लगाना सुरक्षित है?

### चेहरे पर नींबू लगाने के फायदे

चेहरे पर यदि आप नींबू इस्तेमाल करना चाहते हैं तो पहले इसके फायदे जान लें। दरअसल, नींबू में मौजूद विटामिन सी और एंटीऑक्सिडेंट त्वचा को ग्लोइंग बनाने में मदद करते हैं। इसमें जो एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं, जो मुंहासों और काले दाग को हल्का करने में सहायक होते हैं।

नींबू में पाए जाने वाले साइट्रिक एसिड टैनिंग को कम करने और डेड स्किन को एक्सफोलिएट करने में मदद करता है। यदि आपकी त्वचा काफी ऑयली है तो नींबू चेहरे के अतिरिक्त तेल को कंट्रोल करता है और चेहरे को फ्रेश रखता है।



### नींबू के नुकसान

इसके जितने फायदे हैं, उतने नुकसान भी हैं। दरअसल, नींबू का pH बहुत कम (अम्लीय) होता है, जिससे संवेदनशील त्वचा में जलन, खुजली और रैशेज हो सकते हैं। यदि आप नींबू लगाने के बाद सीधे धूप में जाने से स्किन जल सकती है, जिससे सनबर्न और डार्क पैच हो सकते हैं। ये उन लोगों के लिए सबसे ज्यादा खतरनाक हो सकता है, जिनकी त्वचा ड्राई है, क्योंकि नींबू त्वचा की नमी को लॉक करने का काम करता है।

### ऐसे लोग न करें इस्तेमाल

यदि आपके चेहरे पर नींबू सूट करता है, लेकिन चेहरे पर कट, जलन या खुले पिंपल हैं, तो नींबू लगाने से बचें। इसके इस्तेमाल से त्वचा पर और अधिक जलन और इंफेक्शन हो सकता है।

## केमिकल वाले रंगों होने वाले नुकसान से आप बचाव कर सकते हैं इस तरह



यदि आपकी त्वचा संवेदनशील है, तब तो आपको इन केमिकल वाले रंगों से खुद को खासतौर पर बचाकर रखना है। होली का त्योहार रंगों, मस्ती और खुशियों से भरा होता है, लेकिन कई बार इन रंगों में मौजूद केमिकल्स हमारी त्वचा और बालों को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

हम ऐसा इसलिए कह रहे हैं क्योंकि बाजार में मिलने वाले अधिकतर रंगों में लेड ऑक्साइड, कॉपर सल्फेट, मर्करी सल्फेट और डाई जैसे हानिकारक तत्व होते हैं, जो त्वचा पर एलर्जी, खुजली, जलन, दाने और रैशेज का कारण बन सकते हैं।

### पहले जान लें नुकसान

**आएगी एलर्जी और रैशेज की समस्या:** यदि आप केमिकल युक्त रंगों का इस्तेमाल होली के दिन करेंगे तो इससे त्वचा पर लाल चकत्ते, खुजली और रैशेज हो सकते हैं। कई बार तो ये परेशानी काफी ज्यादा बढ़ जाती है।

**जलन और ड्राइनेस :** हार्श केमिकल्स स्किन की नमी छीन लेते हैं, जिससे ड्राइनेस, जलन और खिंचाव महसूस हो सकता है। इसलिए जब भी होली का रंग खरीदें, ये ध्यान रखें कि इसमें किसी प्रकार का केमिकल न हो।

**टैनिंग और डार्क पैचेज का खतरा:** केमिकल युक्त रंग सूर्य की अल्ट्रावायलेट किरणों के साथ मिलकर त्वचा पर डार्क स्पॉट्स और पिग्मेंटेशन का कारण बन सकते हैं। कई बार तो ये रंग ऐसे डदाग-धब्बे छोड़ जाते हैं, जिन्हें साफ करने में हफ्तों का समय लगता है।

### बचाव के तरीके



**ऑयलिंग है जरूरी:** यदि आप नहीं चाहते कि आपके साथ किसी तरह की परेशानी हो तो होली खेलने से पहले नारियल, सरसों या जैतून के तेल से त्वचा की अच्छे से मसाज करें। इससे रंग स्किन में नहीं बैठते और बाद में आसानी से साफ हो जाते हैं।

**मॉइस्चराइजर लगाएं:** अगर आपकी त्वचा बहुत ज्यादा ड्राई है, तो तेल के साथ एक अच्छा मॉइस्चराइजर भी लगाएं। इससे त्वचा हाइड्रेटेड रहेगी और केमिकल्स का असर कम होगा। इससे आपकी त्वचा की नमी भी बरकरार रहेगी।

**फुल स्लीव कपड़े पहनें:** होली के दिन रंग खेलते समय जितना हो सके, अपनी त्वचा को ढककर रखें।

## रोजाना बाल धोना कितना सही जानें इसके फायदे और नुकसान


आज-कल जिस हिसाब से प्रदूषण बढ़ रहा है, उसका सीधा असर लोगों की त्वचा और बालों पर दिखाई दे रहा है। ऐसे में लोग अपनी त्वचा का ध्यान तो रख लेते हैं, लेकिन परेशानी सामने आती है, जब बालों का ध्यान रखना पड़ता है।

अक्सर लोगों को लगता है कि बालों को रोजाना धोने से बाल साफ रहते हैं और मजबूत हो जाते हैं, लेकिन ऐसा नहीं है। यहां हम आपको बताएंगे कि रोजाना बाल धोना कितना सही है और इसके फायदे और नुकसान क्या है। इस लेख में हम आपको ये भी जानकारी देंगे कि किस टाइप के बाल वालों को हफ्ते में कितनी बार बाल धोने चाहिए।

### रोजाना बाल धोने के फायदे

**स्कैल्प साफ रहता है:** यदि आप बाल काफी ज्यादा ऑयली है तो आप बाल धो सकते हैं। ऑयली बालों को रोजाना धोने से गंदगी, तेल और डैंड्रफ से छुटकारा मिलता है। इसलिए बिना बोसे हर दिन बाल धोएं।

**स्टाइलिंग में आसानी:** रोजाना बाल धोने से बाल ताजगी भरे और फ्रेश दिखते हैं। ये



खासतौर पर उन लोगों के लिए अच्छा होता है जो जिम जाते हैं या ज्यादा बाहर रहते हैं। रोजाना शैंपू करने से बालों से अतिरिक्त तेल निकल जाता है, जिससे स्टाइलिंग करना आसान हो जाता है।

### रोजाना बाल धोने के नुकसान

**नेचुरल ऑयल हट जाना:** यदि आप रोजाना बाल धोते हैं तो बार-बार शैंपू करने से स्कैल्प का नेचुरल ऑयल खत्म हो सकता है, जिससे बाल रूखे और कमजोर हो सकते हैं। इसलिए अपने बालों से हिसाब से ही बाल धोने का फैसला लें।

**बालों का झड़ना :** यदि आप गलत शैंपू से अपने बाल धोते हैं तो ज्यादा शैंपू करने से बाल ड्राई हो सकते हैं, जिससे उनका झड़ना बढ़ सकता है। ऐसे में ऐसा करने से बचें।

## हील्स पहनने से पैरों में होता है दर्द तो करें ये काम, मिलेगा काफी आराम

शायद ही कोई ऐसी महिला होगी, जिसे हील्स पहनना पसंद नहीं होगा। हील्स पहनने से न सिर्फ लुक अच्छा दिखता है, बल्कि इसकी वजह से महिलाओं का आत्मविश्वास भी बढ़ता है। इसी के चलते महिलाएं शादी-विवाह से लेकर दफ्तर तक में हील्स पहनना पसंद करती हैं। पर, कई बार ऐसा होता है कि ज्यादा देर तक हील्स पहनने से पैरों में परेशानी होने लगती है। इसी के चलते हम आपको कुछ ऐसी टिप्स देने जा रहे हैं, जिनको फॉलो करने के बाद आपके पैरों मे हील्स पहनने के बाद भी दर्द नहीं होगा।

### कुशन का इस्तेमाल करें

आजकल हील्स के लिए खास तरह के कुशन आते हैं, जो पैरों का दर्द कम करने में मदद करते हैं। ये आपके पैरों पर पड़ने वाले दबाव को कम करके आरामदायक महसूस कराते हैं। इसे तब इस्तेमाल करें, जब आपको ज्यादा समय के लिए हील्स पहननी हो।

### पैरों में करें स्ट्रेचिंग



यदि आपको ज्यादा समय के लिए हील्स कैरी करनी है तो हील्स पहनने से पहले पैरों की अच्छी स्ट्रेचिंग और मसाज करें। इससे पैरों में खिंचाव होने की आशंका कम हो जाती है। इसके लिए खासतौर पर अपने एड़ी और पंजे के लिए हल्के स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज करें।

### चलने का सही तरीका अपनाएं

यदि आप हील्स पहनने के बाद गलत तरीके से चलेंगी तो भी पैरों में दिक्कत हो सकती है। ऐसे में हमेशा चलते समय पहले एड़ी फिर पंजा जमीन पर रखें। इससे आपके पैरों में दर्द नहीं होगा। ज्यादा देर तक हील्स पहनने से बचें और बीच-बीच में आराम करें।

### कार्नर न्यूज

### होली पर फैशन का मजा भी रंगों की तरह हो मजेदार

## होली के लिए ट्रेंडिंग हैं इस तरह के आउटफिट इस खास मौके के लिए आप भी कर सकती हैं ट्राई

मार्च की शुरुआत होते ही होली की धूम हर तरफ नजर आने लगती है। बाजार अबीर-गुलाल से रंगीन हो चुके हैं और जगह-जगह होने वाली होली पार्टियों की तैयारियां जोंरों पर हैं। बदलते दौर के साथ अब हर खास पल को कैमरे में कैद करने का चलन बढ़ गया है। ऐसे में त्योहारों पर स्टाइलिश और ट्रेंडी दिखना भी उतना ही जरूरी हो गया है।

अगर आपको भी किसी होली पार्टी का इनविटेशन मिला है और आप यह सोचकर उलझन में हैं कि कौन-सा आउटफिट आपके लिए बेस्ट रहेगा, तो आपकी इस परेशानी का हल हमारे पास है। यहां हम महिलाओं के लिए कुछ ट्रेंडी आउटफिट के विकल्प बताएंगे, जिसे आप आसानी से पार्टी में कैरी कर सकती हैं।

### व्हाइट कुर्ता और कलरफुल दुपट्टा

यदि अपने लुक को आप सिंपल लेकिन खूबसूरत रखना चाहती हैं तो सफेद कुर्ता होली के लिए क्लासिक चॉइस है, जिसे आप ब्राइट कलर वाले बंधेज या टाई-



डाई दुपट्टे के साथ पेयर कर सकती हैं। इसे प्लाजो, लेगिंग्स के साथ पहनें, उससे आपका लुक अच्छा दिखेगा।

### टाई-डाई को-ऑर्ड सेट्स

आज-कल महिलाओं को को-ऑर्ड सेट पहनना काफी पसंद आ रहा है। ऐसे में आप होली के मौके पर टाई-डाई प्रिंट का को-ऑर्ड सेट कैरी कर सकती हैं। ऐसा कलरफुल टाई-डाई को-ऑर्ड सेट होली पर स्टाइलिश लुक देगा।

### शॉर्ट कुर्ता और धोती पैंट



धोती पैंट होली के मौके पर आपको सहज रखेगी। ये आरामदायक और एथनिक लुक के लिए यह परफेक्ट है। व्हाइट कुर्ता या प्रिंटेड कुर्ते के साथ ब्राइट धोती पैंट पहनें।

### डेनिम शॉर्ट्स और क्रॉप टॉप

ग्लैमरस लुक के लिए आप डेनिम शॉर्ट्स के साथ ब्राइट क्रॉप टॉप पहन सकती हैं। व्हाइट क्रॉप टॉप पर कलर गिरने से होली का असली मजा आएगा!। ये देखने में काफी अच्छी लगेगी।

### लॉन्ग स्कर्ट और टी-शर्ट

कलरफुल लॉन्ग स्कर्ट के साथ व्हाइट या पेस्टल शेड की टी-शर्ट पहनें। ये स्टाइलिश और कम्फर्टेबल ऑप्शन है। ये आपको एथनिक के साथ-साथ वेस्टर्न टच भी देने में मदद करेगी। कम्फर्ट को प्राथमिकता देने वालों के लिए ओवरसाइज टी-शर्ट और जॉगर्स एक शानदार विकल्प है। इसे व्हाइट या ब्राइट कलर में चुनें।